




# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



झुर्रियों के लिए करें एक्स्ट्रा केयर पेज: 7

तकनीक कभी भी कला की जगह नहीं ले सकती : तेजस्वी प्रकाश पेज: 8



वर्ष : 02 | अंक : 128 | बुधवार 12 अगस्त 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


## सम्राट चौधरी ने भारत छोड़ो आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, करोड़ों पेंशनर्स को बड़ी सौगात

**बिहार:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 11 अगस्त को उन सात युवा स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी, जो 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान पटना सचिवालय पर भारतीय तिरंगा फहराने की कोशिश करते हुए ब्रिटिश पुलिस की गोली का शिकार हुए थे। बिहार के आजादी के संघर्ष के इतिहास में एक अहम दिन पर, चौधरी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके बलिदान को याद करने के लिए पटना के शहीद स्मारक परिसर का दौरा किया। उन्होंने याद किया कि कैसे ब्रिटिश पुलिस ने पटना सचिवालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की कोशिश कर रहे छात्रों के एक समूह पर गोलीबारी की थी, जिसमें सात युवा मारे गए थे। शहीद होने वालों में उमाकांत प्रसाद सिंह, रामानंद सिंह, सतीश प्रसाद झा, जगपति कुमार, देवीपद चौधरी, राजेंद्र सिंह और रामगोविंद सिंह शामिल थे।

# संसद डायरी: राज्यसभा ने ट्रिब्यूनल सुधार बिल पास किया, लोकसभा में केरलम बिल पर मुहर

**नई दिल्ली एजेंसी:** मंगलवार को लोकसभा ने बिना किसी बहस के दो और बिल पास किए। हंगामे के बीच ही सदन ने केरल नाम परिवर्तन विधेयक, 2026 और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 को चर्चा के बिना ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस दौरान सदस्यों ने सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए और प्लेकार्ड लेकर सदन के वेल में आ गए। दोनों बिल बिना किसी चर्चा के पास कर दिए गए, जिसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा ने देश भर के विभिन्न ट्रिब्यूनलों के लिए चेयरपर्सन और सदस्यों का चयन करने के लिए एक राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल



आयोग गठित करने वाला विधेयक पारित किया। यह विधेयक लोकसभा द्वारा सोमवार को पारित किया गया था। आज क्या कुछ हुआ केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि मनरेगा की जगह लागू किए गए विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी (वीबी-जीराम-जी) अधिनियम के लागू होने के एक महीने के भीतर ही 9.69 करोड़ से अधिक ह्यश्रम दिवस (काम के दिन) सृजित किए गए हैं। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वीबी-जीराम-जी अधिनियम, 2025 को लागू कर दिया गया है और वीबी-जीराम-जी योजना को 1 जुलाई 2026 से पूरे देश के ग्रामीण इलाकों में शुरू कर दिया गया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के दलों ने मंगलवार को दोपहर बाद राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को उपसभापति हरिवंश द्वारा बोलने की अनुमति नहीं दिए जाने पर विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन किया। जब विपक्षी दलों के सदस्यों ने बहिर्गमन किया तब उच्च सदन में न्यायाधिकरण सुधार विधेयक, 2026 पर चर्चा हो रही थी। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने मंगलवार को अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी का मुद्दा उठाने की मल्लिकार्जुन खरगे की मांग को अस्वीकार करते हुए कहा कि वह हमेशा विपक्ष के नेता के दबाव में रहते हैं। राधाकृष्णन यह बात एक बार के स्थगन के बाद उच्च सदन की बैठक दोपहर बारह बजे पुनः शुरू होने पर कही। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही चलाने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जब छात्रों के आंदोलन पर गृह मंत्री अमित शाह के जवाब की मांग पर सरकार ने सहमति दे दी है तो फिर विपक्ष को सदन चलने देना चाहिए। उन्होंने सदन की बैठक आरंभ होने के बाद यह भी कहा कि जब कार्यवाही बाधित होती है तो उनका मन दुखी होता है। बिरला ने सदन में कहा कि सदन सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को मिलकर चलाना चाहिए।

### उपस्थिति की मांग के बीच केरल का नाम बदलने वाले विधेयक

*संसद सत्र के दौरान, लोकसभा ने विपक्ष के भारी हंगामे और गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति की मांग के बीच केरल का नाम बदलने वाले विधेयक और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम संशोधन विधेयक को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर*

## झारखंड विधानसभा में घमासान, हेमंत सोरेन बोले- बीजेपी कर रही छात्र आंदोलन से राजनीति !

**झारखंड एजेंसी:** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं को लेकर चल रहे छात्रों के विरोध के बीच, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा में सरकार का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा और बैकलॉग परीक्षाओं को रद्द करने की सरकार की तैयारी की बात कही। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जेपीएससी परीक्षाएं आयोजित करने वाली एजेंसी टीडीपीएल से जुड़ी परीक्षाओं की जांच की जाएगी, और भर्ती परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी। सोरेन ने कहा कि हमने सदन को चलाने की पूरी कोशिश की, आपने देखा कि सदन में नोट उछाले



और दिखाए गए। ये वही नोट हैं जो यहां उनकी (बीजेपी ) मौजूदगी और उनकी राजनीति का आधार हैं। आप सभी जानते हैं कि जब से बीजेपी सत्ता में आई है, गरीबों, जरूरतमंदों और आप जैसे युवाओं की जेब से पैसा कैसे निकाला जा रहा है। आज आपने देख लिया कि वह पैसा असल में कहां जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को लेकर राज्य सरकार जिस संकल्प के साथ काम कर रही है, वह आप सभी के सामने है। वहीं दूसरी ओर, केंद्र सरकार की नीतियों की वजह से लाखों छात्र अपनी नौकरी और रोजगार खो रहे हैं; छोटे, मध्यम और बड़े कारोबार बंद हो रहे हैं। तो, रोजगार कहां से आएगा? मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि, आप देखेंगे कि इन सभी परीक्षाओं में चुने गए 75% से 100% उम्मीदवार इसी क्षेत्र के मूल निवासी हैं... यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि इखढ के कार्यकाल में दूसरे राज्यों के लोगों ने यहां बड़े पैमाने पर नौकरियां हासिल की हैं। विपक्ष के हर सवाल का हमारे पास जवाब है, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षाएं बहुत बड़ी हैं। हालात ऐसे हैं कि उनके लिए सच का सामना करना बहुत मुश्किल हो गया है। इसी बेचैनी का नतीजा है कि आज सदन को समय से पहले स्थगित करना पड़ा—या कम से कम मुझे तो ऐसा ही लगा। विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान, मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे छात्र आंदोलन से राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी नेता छात्र सक्रियता की आड़ में अपने राजनीतिक हित साधने और युवा उम्मीदवारों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

## ममता बनर्जी को एससी से अब क्या झटका लगा? टीएमसी के बैंक खाते फ्रीज मामले में बड़ा अपडेट आ गया

**नई दिल्ली एजेंसी:** सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा फ्रीज किए गए तीन बैंक अकाउंट्स को ऑपरेट करने की इजाजत देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने टीएमसी को दो हफ़्ते के अंदर स्पेशल ऑफि सर के सामने अपनी आपत्तियां दर्ज कराने की छूट दी। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसी से पूछा था कि क्या पार्टी के रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले टीएमसी गुट के फ्रीज किए गए बैंक अकाउंट्स से कुछ रकम कोर्ट द्वारा नियुक्त स्पेशल ऑफि सर को जारी की जा



सकती है। यह मामला तब सामने आया जब ईडी ने टीएमसी के तीन बैंक अकाउंट्स को फ्रीज कर दिया, जिनमें कुल 440.42 करोड़ रुपये थे। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में की गई, जो पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज ऋक्रफ से जुड़ी थी। प्राथमिकी में कथित तौर पर बेईमानी से किए गए वित्तीय लेन-देन, गैर-कानूनी तरीके से पैसे इकट्ठा करने और कुछ पार्टी अकाउंट्स के जरिए संदिग्ध फंड को इधर-उधर करने का आरोप लगाया गया था। इससे पहले, हाई कोर्ट ने ममता के नेतृत्व वाले गुट को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि ईडी की ओर से डेबिट-फ्रीज किए गए तीन अकाउंट्स के अलावा, पार्टी के नाम पर 36 और अकाउंट्स थे जिनमें 164 करोड़ रुपये जमा थे। अधिकारियों के अनुसार, ईडी की शुरूआती जांच में पता चला है कि अप्रैल 2023 और जून 2026 के बीच टीएमसी के बैंक अकाउंट्स से केयरवेल एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़ी कंपनी को लगभग 160 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए थे। आरोप है कि कंपनी ने (2023 और 2026 के बीच) 82.96 करोड़ रुपये एक और नई बनी कंपनी को ट्रांसफर किए। यह दावा किया गया था कि इस कंपनी को "काफी बड़ी" रकम ट्रांसफर की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इसमें से 112 करोड़ रुपये का इस्तेमाल एम्ब्रेयर लिगेसी 600 बिजनेस जेट और अगस्तावेस्टलैंड 109एसपी हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए किया गया था।

## वंदे मातरम बिल बना कानून, राष्ट्रपति मुर्मू ने दी मंजूरी; राष्ट्रगान जैसा ही अब होगा सम्मान

**नई दिल्ली एजेंसी:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को 'वंदे मातरम बिल' को मंजूरी दे दी, जिससे राष्ट्रीय गीत को भी राष्ट्रीय गान के समान कानूनी संरक्षण मिल गया है। संसद ने पिछले महीने 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026' पास किया, जिसमें 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971' में संशोधन किया गया। इस कानून का मकसद 'वंदे मातरम' को भी राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' जैसी ही कानूनी सुरक्षा देना है। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह विधेयक अब कानून बन गया है। अब ऐसे अपराधों के लिए तीन साल तक की जेल, जुमार्ना या दोनों सजा हो सकती है। इससे पहले, 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम' के तहत राष्ट्रीय गान ('जन गण मन') को गाने से जानबूझकर रोकना या इसे गाते समय किसी सभा में बाधा डालना मना था। इन अपराधों के लिए तीन साल तक



की जेल, जुमार्ना या दोनों सजा का प्रावधान था, जबकि दूसरी बार और उसके बाद हर बार दोषी पाए जाने पर कम से कम एक साल की जेल की सजा होती थी। पुराने कानून में राष्ट्रीय गीत के लिए वैसी सुरक्षा नहीं थी। बिल में कहा गया है कि अभी 'वंदे मातरम' के गायन के अपमान को रोकने के लिए कोई खास कानूनी प्रावधान नहीं है, जबकि इसे राष्ट्रीय गीत का सम्मान प्राप्त है। इसलिए, किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय गीत गाने से जानबूझकर रोकने या ऐसे गायन में लगी किसी सभा में बाधा डालने से रोकने के लिए, उक्त अधिनियम की धारा 3 में संशोधन करके राष्ट्रीय गीत को भी इसके दायरे में लाने का प्रस्ताव है, ताकि ऐसे कार्यों को दंडनीय बनाया जा सके। बिल में आगे कहा गया है कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 24 जनवरी, 1950 को कहा था कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम' - जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी - को राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' के समान ही सम्मान दिया जाएगा

## धर्मेंद्र प्रधान का राहुल गांधी पर वार: झूठ फैलाकर घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप

**नई दिल्ली एजेंसी:** धर्मेंद्र प्रधान ने झारखंड में हो रहे विरोध-प्रदर्शनों के बीच राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर संसद से बचने और छात्रों के हितों के बारे में झूठे दावे फैलाने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी के पास तथ्यों की कमी है और विपक्ष के नेता, जो झूठ बोलने के आदी हैं, न तो संसद आना चाहते हैं और न ही जवाब सुनना चाहते हैं। वे बस अपना झूठ फैलाना और मगरमच्छ के आँसू बहाना चाहते हैं। झारखंड में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस द्वारा कथित तौर पर बल प्रयोग को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ते तनाव के दौरान ये बातें कहीं गईं। प्रधान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बेबुनियाद, तथ्यहीन और झूठे आरोप लगाने के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि सरकार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष कामकाज में बाधा डाल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी पर बिना किसी आधार या तथ्य के झूठे आरोप लगाना राहुल गांधी और कांग्रेस की राजनीतिक हताशा को दिखाता है। प्रधान ने विपक्ष पर देश और युवाओं के भले से ज्यादा राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार संसद में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन कांग्रेस लोकतंत्र के मंदिर 'संसद भवन' के कामकाज में बाधा डाल रही है और देश व युवाओं के हितों को नुकसान पहुंचा रही है। प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी संसद के अंदर चर्चा का मौका आता है, विपक्ष बाहर विरोध-प्रदर्शन करता है, जिससे पता चलता है

## हर घर तिरंगा, हर मन तिरंगा... स्वतंत्रता सेनानियों को दें श्रद्धांजलि, पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर की अपील

**नई दिल्ली एजेंसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नागरिकों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल होने और स्वतंत्रता दिवस से पहले इसे हर घर में एक उत्सव की तरह मनाने का आग्रह किया। मोदी ने इंस्टाग्राम पर इस कैंपेन से जुड़ा एक वीडियो शेयर करते हुए कहा, आइए, #हर घर तिरंगा को हर घर में एक उत्सव बनाएं।" यह 15 अगस्त को होने वाले 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले हुआ। इससे पहले संसद भवन परिसर में मंगलवार को सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की साप्ताहिक संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहुंचने पर राजग सांसदों ने तिरंगा लहराकर तथा वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाकर उनका स्वागत किया। संसद भवन पुस्तकालय स्थित जीएमसी बालयोगी सभागार में आयोजित इस मंगल मिलन बैठक में केंद्रीय मंत्रियों, राजग नेताओं और गठबंधन में शामिल दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया।



बैठक में जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जल शक्ति मंत्रालय के विभिन्न कार्यों पर एक प्रस्तुति भी दी। प्रधानमंत्री के सभागार में पहुंचते ही मंत्रियों और सांसदों ने राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए उनका अभिनंदन किया तथा ह्यवंदे मातरम्ह्ण और ह्यभारत माता की जयह्ण के नारे लगाए। बैठक में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, एस जयशंकर सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। राजग के घटक दलों के नेताओं में जद(एस) के एचडी कुमारस्वामी, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के किंजरापु राम मोहन नायडू, आरपीआई (ए) के रामदास आठवले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल्ल पटेल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा और एनसीपीआई की शताब्दी रॉय सहित अन्य मंत्री भी बैठक में मौजूद रहे। संसद सत्र के दौरान हर मंगलवार को राजग संसदीय दल की बैठक आयोजित की जाती है। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई को शुरू हुआ था और 13 अगस्त को संपन्न होगा। बैठक के तुरंत बाद, राजग सांसदों ने संसद के मकर द्वार के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जहां उनका आमना-सामना विपक्षी ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के सांसदों से हुआ, जो विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे।

## सांसद जी आज भाषण नहीं दिए, लगता है दावत, सीएम योगी नेरविकिशन पर ली चुटकी

**गोरखपुर एजेंसी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के सांसद और भोजपुरी स्टार रवि किशन पर मजाकिया अंदाज में तंज कसा। उन्होंने कहा कि बेहतर हवाई कनेक्टिविटी की वजह से अब कोई यह पता नहीं लगा सकता कि किशन किसी खास दिन गोरखपुर, मुंबई या दिल्ली में हैं। उनकी इस बात पर जोरदार ठहाके लगे। गोरखपुर में बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के बारे में बात करते हुए योगी ने कहा कि कनेक्टिविटी में जबरदस्त बदलाव आया है। एक दशक पहले जहाँ दिन में सिर्फ.एक फ़्लाइट चलती थी, वहीं अब शहर से 14 फ़्लाइट्स चल रही हैं। इसके बाद उन्होंने दर्शकों के बीच बैठे किशन की ओर ध्यान दिया मैं रवि किशन के बारे में हमेशा यही कहता हूँ। कोई नहीं बता सकता कि वह कब गोरखपुर में हैं और कब मुंबई में। अगर वह मुंबई में नाश्ता करते हैं, तो दोपहर का खाना गोरखपुर में खा लेते हैं। और यहाँ बस अपनी झलक दिखाने के बाद, वह दिल्ली भी चले जाते हैं। योगी ने हँसी-मजाक के बीच कहा कि हवाई कनेक्टिविटी के बिना, ऐसा शेड्यूल बनाए रखना मुश्किल होता। इन बातों



पर किशन और उनके आस-पास बैठे लोग जोर-जोर से हँसते हुए दिखे। 70 करोड़ रुपये की लागत से बनी 1.80 किलोमीटर लंबी 'ग्रीन सिटी रोड' (जो नेशनल हाईवे-24 को पटनिया होते हुए माधोपुर बांधा से जोड़ती है) के उद्घाटन के दौरान, योगी ने किशन पर फिर से चुटकी ली। उन्होंने कहा कि उस दिन सांसद ने कोई भाषण नहीं दिया। पता नहीं रवि किशन जी ने आज भाषण क्यों नहीं दिया। लगता है उन्होंने आप सभी को कुछ ज्यादा ही दावतें खिला दी हैं। इसके बाद उन्होंने भीड़ से पूछा कि कितने लोगों ने किशन की दावत में हिस्सा लिया है, कितनों ने उनकी फिल्में देखी हैं, और कितनों ने "कालीबाड़ी के बाबा" फिल्म देखी है। भीड़ की प्रति क्रिया सुनने के बाद, योगी ने हंसते हुए कहा कि यह दोनों के बीच बराबरी का मामला है। दोनों के बीच एक ऐसा सार्वजनिक तालमेल है जिससे कई बार ऐसे पल सामने आए हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं और यह योगी की आम तौर पर सख्त सार्वजनिक छवि से बिल्कुल अलग है। जुलाई 2025 में गोरखपुर नगर निगम के एक कार्यक्रम में, योगी ने रामगढ़ ताल इलाके में नाले के ऊपर घर बनाने के लिए किशन की खिंचाई की। उन्होंने मजाक-मजाक में चेतावनी दी कि अगर जलभराव हुआ, तो "उनके खिलाफ भी कार्रवाई पक्की है," और साथ ही सलाह दी कि सीवेज के सुचारू बहाव के लिए नाले से कुछ दूरी पर घर बनाना चाहिए। एक और मौके पर, उसी घर का ज़िक्र करते हुए योगी ने मजाक में कहा कि रामगढ़ ताल के किनारे एक "शीश महल" (कांच का महल) बना हुआ है

**गोरखपुर में बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के बारे में बात करते हुए योगी ने कहा कि कनेक्टिविटी में जबरदस्त बदलाव आया है। एक दशक पहले जहाँ दिन में सिर्फ.एक फ़्लाइट चलती थी**

# संपादकीय

## परीक्षा की घड़ी

ऐसे वक्त में जब नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने से उपजे छात्र आक्रोश से देश हाल ही में दो-चार हुआ है, देश के परीक्षा सिस्टम पर प्रतिभागियों का भरोसा कायम करना अपरिहार्य शर्त है। हाल के वर्षों में केंद्रीय स्तर और राज्यों में विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने, परीक्षाएं स्थगित होने और परीक्षा परिणामों को लेकर किंतु-परंतु होने की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर छात्रों का आंदोलन बदस्तूर जारी है। ऐसे में विश्वसनीयता के सवालों से जूझ रही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए का इंटेलिजेंस, कानून लागू करने वाली एजेंसियों तथा डिफेंस फोर्सेज के अनुभवी लोगों को अपने परीक्षा सुरक्षा कमांड सेंटर में शामिल करने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। ये प्रयास दूसरी ओर हमें यह भी बताते हैं कि देश में महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाएं कितनी संवेदनशील व असुरक्षित हो गई हैं। नए प्रावधानों के अनुसार इसके टेस्ट सिक्योरिटी और लाइव ऑपरेशन्स अनुभाग के प्रस्तावित जनरल मैनेजर परीक्षा प्रक्रिया के लगभग हर संवेदनशील हिस्से की देखरेख करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रश्नपत्र तैयार करने, एन्क्रिप्शन से लेकर ट्रांसपोर्टेशन, स्टोरेज, वितरण और रियल-टाइम मॉनिटरिंग भी शामिल रहेगा। विश्वास किया जाना चाहिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन, सीसीटीवी निगरानी और परीक्षा के उपरांत डेटा एनालिसिस से परीक्षा व्यवस्था के पारदर्शी व विश्वसनीय होने की उम्मीद की जा सकती है। निस्संदेह, नीट प्रवेश परीक्षा विवाद के उपरांत प्रतिभागियों में भरोसा कायम करने की दिशा में यह एक गंभीर कोशिश होती नजर आती है। लेकिन एक बात तो तय है कि सिर्फ तकनीक के जरिए सिस्टम की खामियां दूर नहीं की जा सकतीं। हालिया नीट-यूजी पेपर लीक प्रकरण में सीबीआई की जांच में एनटीए के अपने ही गोपनीय विभाग में खामियां पाई गई थीं, मसलन संतोषजनक ढंग से तलाशी न लेना, सीसीटीवी की अपर्याप्त निगरानी, जिम्मेदारियों का सही बंटवारा न होना तथा अंतिम प्रश्न सेट तक बहुत अधिक लोगों की पहुंच होना, जिसने परीक्षा प्रश्नपत्र के लीक संकट को जन्म दिया।

# चिंतन-मनन

## जीवन के चार आधार

सुसंस्कारिता के चार आधार हैं- समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी। इन्हें आध्यात्मिक-आंतरिक वरिष्ठता की दृष्टि में उतना ही महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए जितना शरीर के लिए अन्न, जल, वस्त्र और निवास अनिवार्य समझा जाता है। समझदारी का अर्थ है- दूरदर्शी विवेकशीलता अपनाना। आमतौर से लोग तात्कालिक लाभ को सब कुछ मानते हैं और उसे पाने के लिए कोई गलत कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इससे भविष्य अंधकारमय बन जाता है।

अपराधी तत्वों में से अधिसंख्य इसी मनोवृत्ति के होते हैं। दूरदर्शिता, विवेकशीलता उस अनुभवी किसान की गतिविधियों जैसी हैं, जिनके अनुसार खेत जोतने, बीज बोने, खाद पानी देने, रखवाली करने में आरंभिक हानि और कष्ट सहने को शिरोधार्य किया जाता है। दूरदर्शिता बताती है कि इसका प्रतिफल उसे समयानुसार मिलने ही वाला है। एक बीज के दाने के बदले कई गुना दाने मिलने वाले हैं। संयम और सत्कार्य ऐसी ही बुद्धिमत्ता है। पुण्य परमार्थ में भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली संभावनाएं निहित हैं। संयम का प्रतिफल वैभव और पौरुष के रूप में दृष्टिगत होने ही वाला है। दूरबीन के सहारे दूर तक की वस्तुओं को देखा जा सकता है और उस जानकारी के आधार पर अधिक बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। अध्यात्म की भाषा में इसी को तृतीय नेत्र खुलना कहते हैं, जिसके आधार पर विपत्तियों से बचना और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं का सृजन संभव है।

कथनी-करनी को एक सा रखना ईमानदारी है। सहयोग व सद्भाव अर्जित करने के लिए ईमानदारी प्रमुख आधार है। इसे अपने व्यवसाय में अपनाकर अनेक लोगों ने छोटी स्थिति से उठकर बड़ी सफलता पाई है। बड़े उत्तरादायित्वों को उपलब्ध करने और उसका निर्वाह करने में ईमानदार ही सफल होते हैं। सुसंस्कारिता का तीसरा पक्ष है- जिम्मेदारी। गैर जिम्मेदार उत्तरदायित्वों से निर्लज्जतापूर्वक इंकार कर सकते हैं,पर जिम्मेदार लोगों को अपने उत्तरदायित्वों का नियमबद्ध होकर समय पर निर्वाह करना पड़ता है। जो स्वास्थ्य सुरक्षित रखने की, जीवन संपदा का श्रेष्ठतम सदुपयोग करने की, लोक परलोक उत्कृष्ट बनाने की जिम्मेदारी निभाते हैं, वे ही संतोष, यश आरोग्य का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। चौथा व अंतिम चरण है-बहादुरी। दैनिक जीवन में अनेकानेक उलझनों से निपटने के लिए उपयुक्त साहस आवश्यक है, अन्यथा हड़बड़ी में समाधान का सही उपाय नहीं सूझेगा।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# इरकान अली की वापसी ने दिया बड़ा राजनीतिक संदेश, संघर्ष से निकला संगठन में विश्वास का परिणाम



राजनीति में पद मिलना सामान्य बात हो सकती है, लेकिन किसी चुनौतीपूर्ण दौर के बाद उसी जिम्मेदारी पर दोबारा विश्वास के साथ लौटना सामान्य घटना नहीं होती। हाल के दिनों में युवा राष्ट्रीय लोकदल अमरोहा के जिलाध्यक्ष पद को लेकर जो घटनाक्रम सामने आया, उसने न केवल संगठन के भीतर हलचल पैदा की, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि इरकान अली ने संगठन के लिए वास्तव में जमीन पर काम किया है और उनकी मेहनत को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। इरकान अली की दोबारा युवा जिलाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी यथावत होना किसी छोटी-बड़ी औपचारिकता का विषय नहीं था। यह उस विश्वास की पुनर्पुष्टि थी, जो राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने उनके प्रति दिखाया। घटनाक्रम ने बदली तस्वीर हाल ही में युवा राष्ट्रीय लोकदल अमरोहा के संगठन में जिलाध्यक्ष पद को लेकर अचानक ऐसा घटनाक्रम सामने आया, जिसने कार्यकताओं के बीच स्वाभाविक रूप से चर्चा पैदा कर दी। इरकान अली की जगह नई नियुक्ति को लेकर स्थिति बनी। इसके बाद संगठन से जुड़े कार्यकताओं में बेचैनी दिखाई दी। इरकान अली ने इस पूरे दौर में व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप या अनावश्यक विवाद का प्राथमिकता देने के बजाय संगठन और नेतृत्व के समक्ष अपनी बात रखने का रास्ता चुना। इसके बाद मामला प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचा। संगठनात्मक स्थिति पर गंभीरता से विचार हुआ और अंततः पहले किए गए परिवर्तन को समाप्त करते हुए इरकान अली की युवा जिलाध्यक्ष अमरोहा की जिम्मेदारी यथावत रहने की स्थिति स्पष्ट हुई। यह वापसी केवल एक पद की वापसी नहीं थी। यह उस मेहनत की वापसी थी, उस विश्वास की वापसी थी और उस राजनीतिक स्वीकार्यता की वापसी थी, जिसे इरकान अली ने अपने कार्यों के माध्यम से अर्जित किया है। असली ताकत काम से बनती है, केवल पद से नहीं इरकान अली के मामले में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने जिलाध्यक्ष रहते हुए संगठन को सक्रिय करने के लिए लगातार काम किया।

युवा कार्यकताओं से संपर्क, संगठनात्मक बैठकों का आयोजन, गांव-गांव पहुंचने की कोशिश, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाना तथा पार्टी की विचारधारा को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास–ये ऐसे कार्य हैं जिनसे किसी भी संगठन में कार्यकर्ता की वास्तविक पहचान बनती है।

यही कारण है कि हालिया घटनाक्रम को केवल एक संगठनात्मक नियुक्ति और उसके बदलाव के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इरकान अली ने जो काम किया, उसी काम ने उनके पक्ष में राजनीतिक जमीन तैयार की। सबसे बड़ा श्रेय राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व को इरकान अली की वापसी के बाद उनके समर्थकों में उत्साह स्वाभाविक है, लेकिन स्वयं इरकान अली के लिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष कुछ और है।

वे इस निर्णय का श्रेय स्वयं को नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के विश्वास को देते हैं।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत चौधरी जी तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय रविंद्र सिंह पटेल जी के प्रति इरकान अली की ओर से विशेष आभार व्यक्त किया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कठिन परिस्थिति में नेतृत्व ने एक छोटे से कार्यकर्ता पर पुनः विश्वास जताया। राजनीति में बड़े नेताओं का किसी कार्यकर्ता पर भरोसा करना अपने आप में बड़ी बात है।

और जब वह भरोसा किसी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति के बाद दोबारा कायम किया जाए, तो उसकी राजनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है। मैं छोटा कार्यकर्ता हूं, नेतृत्व ने फिर विश्वास कियाह्व–यही सबसे बड़ी बात इरकान अली की राजनीतिक शैली की एक खास बात यह भी है कि वे अपनी वापसी को व्यक्तिगत विजय के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय नेतृत्व के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम मानते हैं। उनका कहना है कि वे पार्टी के एक छोटे से कार्यकर्ता हैं। राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें दोबारा जिम्मेदारी दी है, उसके लिए वे हृदय से आभारी हैं। यही विनम्रता उनके राजनीतिक संदेश को और मजबूत बनाती है। क्योंकि राजनीति में यह कहना आसान है कि ह्लमैं जीत गयाह्व, लेकिन यह कहना कि ह्लनेतृत्व ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर फिर विश्वास किया, मैं उसका शुक्रगुजार हूंह्व–यह संगठन के प्रति निष्ठा और नेतृत्व के प्रति सम्मान को दशार्ता है। यह वापसी विरोधियों के लिए भी संदेश है हालिया घटनाक्रम ने संगठन के भीतर और बाहर एक राजनीतिक संदेश जरूर दिया है। किसी कार्यकर्ता को कमजोर समझना और उसकी जमीन पर बनी राजनीतिक स्वीकार्यता को नजरअंदाज करना आसान नहीं होता। इरकान अली ने किसी बड़े राजनीतिक दावे से नहीं, बल्कि अपने काम से अपनी जगह बनाई है। यही कारण है कि जब उनके पद को लेकर असमंजस पैदा हुआ, तो मामला अंततः राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के विश्वास तक पहुंचा और उनकी जिम्मेदारी बरकरार रही। यह घटनाक्रम उन सभी लोगों के लिए भी संदेश है जो यह मान लेते हैं कि संगठन में किसी कार्यकर्ता की ताकत केवल उसके पद से होती है। असल ताकत काम से पैदा होती है, कार्यकताओं के विश्वास से बनती है और नेतृत्व के भरोसे से मजबूत होती है। अब इरकान अली के सामने और बड़ी जिम्मेदारी इस पूरे घटनाक्रम के बाद इरकान अली के सामने अब पहले से भी बड़ी जिम्मेदारी है।

उन्हें इस विश्वास का जवाब अपने काम से देना होगा। युवा राष्ट्रीय लोकदल को अमरोहा के प्रत्येक गांव और प्रत्येक बूथ तक मजबूत करना, युवाओं को संगठन से जोड़ना, किसान और मजदूर के मुद्दों को मजबूती से उठाना, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना और संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान देना–यही उनकी अगली राजनीतिक परीक्षा होगी।

उनकी वापसी का सबसे अच्छा जवाब यही होगा कि वे और अधिक मेहनत करें और संगठन को पहले से अधिक मजबूत बनाएं।

निर्णायक संदेश

अमरोहा के युवा राष्ट्रीय लोकदल में हालिया घटनाक्रम को अगर व्यापक राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो यह सिर्फ एक जिलाध्यक्ष की वापसी नहीं है।

यह एक कार्यकर्ता की मेहनत, संगठन में उसकी स्वीकार्यता और राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के भरोसे की कहानी है। इरकान अली ने अपना काम किया। कार्यकताओं ने अपना विश्वास दिखाया।

और सबसे महत्वपूर्ण बात–राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने एक बार फिर भरोसा जताया।

इसीलिए यह वापसी इरकान अली की व्यक्तिगत उपलब्धि से कहीं अधिक है। यह उस विश्वास की जीत है जो एक छोटे कार्यकर्ता को बड़े नेतृत्व से मिलता है। इरकान अली के लिए आज सबसे बड़ा संदेश यही है–

ह्लआपने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर पुनः विश्वास किया, इसके लिए मैं हृदय की गहराइयों से राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। यह विश्वास मेरे लिए पद से कहीं बड़ा है और अब इसे अपने काम से साबित करना मेरी जिम्मेदारी है ह्व

यही भाव आने वाले समय में इरकान अली की राजनीति की दिशा भी तय करेगा– पद नहीं, काम महत्वपूर्ण है। दावा नहीं, संगठन महत्वपूर्ण है। और व्यक्तिगत अहंकार नहीं, नेतृत्व का विश्वास सर्वोपरि है।

# भ्रष्टाचार और पूंजीवाद के खिलाफ वैश्विक जंग?



सनत जैन

दुनिया के अधिकांश देशों में अब पूंजीवाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने तथा बढ़ती हुई महंगाई के बाद दुनिया के देशों में पूंजीवाद और बाजारवाद के खिलाफ युवा सड़कों पर आकर अपना विरोध दर्ज कराने लगे हैं। चीन जैसे देश में हर दिन 2700 से ज्यादा भ्रष्ट अधिकारी पकड़े जा रहे हैं। चीन जैसे देश में पिछले तीन दशक में तेजी के साथ भ्रष्टाचार बढ़ा है। चीन में 2012 से लेकर अभी तक 70 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके ऊपर मुकदमें चलाए गए हैं। भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को पकड़ने के लिए चीन की सरकार ने जासूस नियुक्त किए हैं। जो भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के बारे में जानकारी देते हैं। ऐसे जासूसों को चीन की सरकार प्रति जानकारी 100 युआन का भुगतान कर रही है। जो भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों के बारे में जानकारी देते हैं। निजी तौर पर भ्रष्ट अधिकारियों के बारे में सूचना देने वालों की संख्या चीन में बढ़ती चली जा रही है। सरकार सख्ती के साथ भ्रष्टाचारियों से निपट रही है। चीन में बड़े-बड़े अधिकारी रिश्वत मामलों में पकड़े जा रहे हैं, उनसे भारी संपत्ति बरामद की जा रही है।

भारत में भी भ्रष्टाचार बड़ी तेजी के साथ बढ़ा है। भारत में कई एजेंसियों को भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने की जिम्मेदारी दी गई है। भारत में राजनीतिक संरक्षण के कारण भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर उतनी सख्ती के साथ अभी कार्यवाही नहीं हो रही है। जिसके कारण भारत में भ्रष्टाचार पर कोई नियंत्रण नहीं है। सरकारी कर्मचारियों पर कार्यवाही करने के लिए सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है। जो आसानी से नहीं मिलती है। न्यायालयों में कई वर्षों तक भ्रष्टाचार के प्रकरण चलते रहते हैं। जिसके कारण भारत में भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए भारत में अन्ना आंदोलन हुआ था। उसके बाद लोकपाल संस्था का गठन हुआ। कई वर्षों तक इसमें नियुक्ति नहीं हुई। लोकपाल के पद पर सुप्रीम कोर्ट के निवृतमान न्यायाधीश नियुक्त किये गये हैं। इस संस्था ने अभी तक भ्रष्टचार की जाँच में कोई रूचि नहीं ली है। जो शिकायतें जाती हैं, वह ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। लोकपाल का संरक्षण भ्रष्टाचारियों को मिल रहा है? वहीं चीन ने भ्रष्टाचार के मामले में कड़ी कार्यवाही कर के बढ़त ले ली है। जिस तरह से दुनिया के देशों में महंगाई बेतहाशा बढ़ती चली जा रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां और बाजारबाद के कारण महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं हो पा रहा हैं। सरकारें बहु राष्ट्रीय कंपनियों के हिसाब से नियम और कानून बना रही हैं। इससे अब जनता के बीच में नाराजी बढ़ने लगी है। 100 से अधिक देशों में महंगाई और पूंजीवाद के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के इस दौर में वैश्विक स्तर पर परिवर्तन बड़ी तेजी के साथ देखने को मिल रहे हैं। सरकारी अधिकारी और कर्मचारी बिना रिश्वत लिए कोई काम नहीं करते हैं। इससे सीधे आम जनता प्रभावित हो रही है। अब भ्रष्टाचार के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरने लगे हैं। भारत में जिस तरह से जेन-जी आंदोलित है। शिक्षा, महंगाई, बेरोजगारी और न्यायिक व्यवस्था में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के विरोध में युवा पीढ़ी सड़कों पर उतरकर मुखर हो रही है। भारत में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला पिछले कुछ वर्षों से थम गया था। पिछले दो-तीन महीनों में अब विरोध का सिलसिला बड़ी तेजी के साथ शुरू हुआ है। हर जगह विरोध प्रदर्शन की बाढ़ आ गई है। लोग मुखर होकर अपनी बात कह रहे हैं। जनता भी अपने अधिकारों के प्रति सजग हो रही है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के ऊपर दबाव बनना शुरू हो गया है। भारत जैसे देश में अब लोग न्यायपालिका के बारे में भी खुलकर बोलने लगे हैं।

# युवा भारत की धड़कन में सपने, सवाल और बदलाव की पुकार



अतुल गोयल

युवा आकांक्षाओं को आवाज, अवसर और सम्मान देने का समय...

किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा शक्ति होती है। युवा केवल देश का वर्तमान नहीं बल्कि उसके भविष्य की दिशा तय करने वाली वह ऊर्जा हैं, जिनके सपनों, सवालों, नवाचारों और निर्णयों से आने वाले समाज की तस्वीर बनती है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र प्रतिवर्ष 12 अगस्त को 'अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाता है। इसका उद्देश्य युवाओं से जुड़े मुद्दों को वैश्विक विमर्श के केंद्र में लाना, उनकी आवाज को नीति-निर्माण तक पहुंचाना और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा पर्यावरणीय विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। पहला अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त 2000 को मनाया गया था, जिसकी अवधारणा 1991 में वियना में आयोजित विश्व युवा मंच के दौरान सामने आई थी और 1998 के लिस्बन सम्मेलन में 12 अगस्त को युवा दिवस के रूप में मनाने की सिफारिश की गई थी। दिसंबर 1999 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव 54/120 के माध्यम से इसे औपचारिक मान्यता दी।

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 की थीम है 'विभिन्न परिस्थितियां, साझा आकांक्षाएं', जो आज के वैश्विक युवा परिदृश्य को अत्यंत सटीक ढ़ंग से अभिव्यक्त करती है। दुनिया के अलग-अलग देशों, समाजों और आर्थिक परिस्थितियों में रहने वाले युवाओं की समस्याएं भले ही अलग हों लेकिन उनकी मूल आकांक्षाएं आश्चर्यजनक रूप से समान हैं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सम्मानजनक रोजगार, आर्थिक सुरक्षा, समान अवसर, बेहतर स्वास्थ्य, निर्णय-प्रक्रिया में भागीदारी और ऐसा भविष्य, जिसमें उनकी प्रतिभा तथा परिश्रम का उचित मूल्य मिले। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युवा चाहे छोटे द्वीपीय देशों में रहते हों, विकासशील देशों में या अपेक्षाकृत समृद्ध समाजों में, उनकी साझा आकांक्षाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, गरिमापूर्ण कार्य, निर्णयों में अपनी आवाज और बेहतर भविष्य की चाह प्रमुख है। भारत के संदर्भ में यह थीम और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत की जनसंख्या संरचना में युवाओं की हिस्सेदारी बहुत बड़ी है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की 'यूथ इन इंडिया 2022' रिपोर्ट के अनुसार 2021 में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की आबादी कुल जनसंख्या का लगभग 27.2 प्रतिशत थी और यह संख्या लगभग 34.5 करोड़ थी। रिपोर्ट इसे भारत के लिए 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' अर्थात जनसांख्यिकीय लाभांश की महत्वपूर्ण खिड़की मानती है लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट करती है कि इस अवसर का लाभ उठाने के लिए शिक्षा, रोजगार, कौशल और समावेशी विकास की प्रभावी व्यवस्था जरूरी है।

भारत ने युवाओं की क्षमता को दिशा देने के लिए राष्ट्रीय युवा नीति, नेहरू युवा केंद्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्किल इंडिया, फिट इंडिया जैसे अनेक कार्यक्रम शुरू किए हैं। डिजिटल तकनीक, स्टार्टअप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान, खेल, अनुसंधान और उद्यमिता के क्षेत्र में भारतीय युवाओं ने वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा सिद्ध की है। लेकिन दूसरी ओर यह भी सच है कि करोड़ों युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार की राह अभी भी असमान, अनिश्चित और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है। डिग्री बढ़ रही है लेकिन उसके अनुरूप गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर हर युवा तक नहीं पहुंच रहे। सरकारी नौकरी की कुछ हजार सीटों के लिए लाखों आवेदन और प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आने वाली अनियमितताओं ने युवाओं की बेचैनी को बढ़ाया है। यही बेचैनी हाल के दिनों में दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिखाई दी। 2026 में प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट से जुड़े कथित पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर युवाओं का आंदोलन धीरे-धीरे एक व्यापक शिक्षा-सुधार आंदोलन में बदलता गया। मई में छात्रों के प्रदर्शन से शुरू हुई यह आवाज जून-जुलाई में जंतर-मंतर तक पहुंची और बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक तथा नौकरी की तैयारी कर रहे युवा वहां जुटे। इस आंदोलन का महत्व केवल किसी एक परीक्षा की अनियमितता तक सीमित नहीं था। जंतर-मंतर पर पहुंचे युवाओं की शिकायतों में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता, पेपर लीक, परीक्षा परिणामों में देरी, शिक्षा की बढ़ती लागत, सरकारी और निजी शिक्षा के बीच अंतर, रोजगार की चिंता और भविष्य की अनिश्चितता जैसे अनेक सवाल शामिल थे।

जंतर-मंतर की गूंज अब झारखंड में भी सुनाई दे रही है। वहां जेपीएससी और जेएसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों को लेकर बड़ी संख्या में युवा और अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। 10 अगस्त 2026 को रांची में विधानसभा की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव बढ़ गया तथा पुलिस ने आंसू गैस, पानी की बौछार और लाठी का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता, कथित अनियमितताओं की जांच और जवाबदेही शामिल है। झारखंड का आंदोलन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां युवाओं की समस्या केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। सरकारी रोजगार के सीमित अवसर, आर्थिक पिछड़ापन, प्रतियोगी परीक्षाओं पर अत्यधिक निर्भरता और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर संदेह युवाओं में गहरी निराशा पैदा कर सकते हैं। जब किसी युवा के लिए सरकारी नौकरी आर्थिक और सामाजिक स्थिरता का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन जाती है, तब परीक्षा में कथित गड़बड़ी उसके लिए केवल परीक्षा की समस्या नहीं बल्कि उसके पूरे भविष्य पर प्रश्नचिह्न बन जाती है। हालिया घटनाओं ने इसी बेचैनी को सार्वजनिक रूप दिया है।

इन आंदोलनों को केवल राजनीतिक चश्मे से देखना युवाओं की मूल पीड़ा को समझने में बाधक होगा। युवाओं के आक्रोश में राजनीतिक स्वर भले जुड़ जाएं लेकिन उसकी मूल जमीन अक्सर बहुत साधारण होती है, निष्पक्ष परीक्षा, समय पर परिणाम, पारदर्शी भर्ती, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सम्मानजनक रोजगार। आज युवा केवल नौकरी मांगने वाली पीढ़ी नहीं है। वह रोजगार पैदा करने वाली पीढ़ी भी है। स्टार्टअप से लेकर सामाजिक उद्यमिता, डिजिटल सेवाओं से लेकर ग्रामीण नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर हरित तकनीक तक युवा नए समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध वैश्विक आंदोलनों में भी युवाओं की सक्रिय भूमिका रही है। संयुक्त राष्ट्र भी युवाओं को जलवायु कार्रवाई, सामाजिक उद्यम, डिजिटल समाधान और सामुदायिक विकास के महत्वपूर्ण वाहक के रूप में रेखांकित करता है। इसलिए भारत के सामने चुनौती केवल युवाओं को रोजगार देने की नहीं बल्कि उनके भीतर मौजूद क्षमता को सही अवसर देने की है। शिक्षा व्यवस्था को डिग्री-केंद्रित होने के बजाय कौशल, शोध, रचनात्मकता और रोजगार-उन्मुख बनाना होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में तकनीक के बेहतर इस्तेमाल, सुरक्षित प्रश्नपत्र प्रणाली, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और समयबद्ध परिणामों को प्राथमिकता देनी होगी। सरकारी नौकरियों पर अत्यधिक निर्भरता कम करने के लिए निजी क्षेत्र, एमएसएमई, स्टार्टअप, ग्रामीण उद्यमिता और गिग तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण अवसर बढ़ाने होंगे। साथ ही युवाओं की मानसिक भलाई, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और नागरिक भागीदारी को भी विकास की मुख्यधारा में स्थान देना होगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि युवाओं को केवल ह्यभविष्य के नागरिकह्न कहकर उनकी वर्तमान आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वे आज के नागरिक हैं और आज की नीतियों का सीधा प्रभाव उनके जीवन पर पड़ता है। इसलिए नीति-निर्माण में युवाओं की भागीदारी औपचारिक सलाह तक सीमित न रहकर वास्तविक निर्णय-प्रक्रिया का हिस्सा बननी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र भी युवाओं को केवल नीतियों के लाभार्थी नहीं बल्कि विकास और लोकतांत्रिक शासन के सक्रिय भागीदार के रूप में देखने पर जोर देता है। जंतर-मंतर और झारखंड की सड़कों से उठती युवाओं की आवाज को केवल विरोध की आवाज नहीं समझना चाहिए, यह उस पीढ़ी की आकांक्षा है, जो अपने भविष्य को लेकर गंभीर है। वह कह रही है कि उसे मुफ्त वादे नहीं, निष्पक्ष अवसर चाहिए; केवल भाषण नहीं, पारदर्शी व्यवस्था चाहिए; केवल आश्वासन नहीं, परिणाम चाहिए। अलग-अलग राज्यों, भाषाओं, वर्गों और सामाजिक परिस्थितियों में रहने के बावजूद युवाओं की यह साझा मांग है कि उनके सपनों के साथ व्यवस्था भी ईमानदार हो। आज आवश्यकता युवाओं को शांत कराने की नहीं, उन्हें सुनने की है; उनकी आवाज दबाने की नहीं, उसे नीति में बदलने की है; उनके आक्रोश को अपराध मानने की नहीं, उसके कारणों को समझने की है।

# शादी के लिए दबाव बना रहा था युवक, आत्महत्या के बाद 3 गिरफ्तार

## हसनपुर पुलिस ने बावनखेड़ी मोड़ से पकड़ा, भेजे जेल



**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** थाना हसनपुर क्षेत्र के गांव सैमला में एक युवती की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों पर शादी के लिए मृतका पर दबाव बनाने का आरोप है पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और सीओ हसनपुर पंकज त्यागी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 27 जुलाई 2026 को ग्राम सैमला निवासी नन्हे ने थाने में सूचना दी थी कि उनकी बेटी ललिता ने गांव में शिवओम के बाग में आम के पेड़ से चुन्नी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद 6 अगस्त को मृतका के भाई धर्मेंद्र की तहरीर पर गांव के ही दीपांशु, रोहित और कपिल के खिलाफ मु0अ0सं0 489/2026 धारा 103(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना में धारा 103(1) न पाए जाने पर इसे धारा 108 बीएनएस में तब्दील कर दिया गया। पुलिस के अनुसार 10 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बावनखेड़ी से मकनपुर शुमाली जाने वाले मोड़ से तीनों आरोपियों दीपांशु पुत्र दयाराम, रोहित पुत्र दयाराम और कपिल पुत्र हरपाल निवासी सैमला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मुख्य आरोपी दीपांशु उम्र 21 वर्ष ने बताया कि वह ललिता पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। ललिता परिवार के दबाव के कारण शादी नहीं करना चाहती थी। इसी कारण उसने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद हम डरकर भाग गए थे।

# सुधांशु हत्याकांड को लेकर सुभासपा ने खोला मोर्चा, पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन स्वंत्रत प्रभार मंत्री को सौंपा





**अमरोहा (सब का सपना):-** थाना नौगांवा क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी सुधांशु प्रजापति की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में सुभासपा ने पीड़ित परिवार के पक्ष में आवाज बुलंद की है। पार्टी पदाधिकारियों ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर सिंह प्रजापति को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और हत्याकांड में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में सुभासपा ने कहा कि 9 अगस्त को थाना नौगांव क्षेत्र के गांव गुलड़िया में सुधांशु प्रजापति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद से परिवार में शोक के साथ ही सुरक्षा को लेकर चिंता का माहौल है। पार्टी ने शासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की।

सुभासपा की प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक के परिवार को पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाना शामिल है। इसके अलावा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, परिवार की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की मांग की गई। हत्याकांड में अभी तक फरार अथवा बचे हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही आरोपियों के मकानों के संबंध में कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किए जाने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से उठाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए शासन स्तर से पांचों मांगों पर जल्द निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक, सामाजिक व सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराएगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज प्रजापति, जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, आदेश अमरोही, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, आकाश प्रजापति, टिंकू प्रजापति, पवन प्रजापति मौजूद रहे।

# 15 अगस्त को लेकर जोया में तिरंगा यात्रा, विधायक ने कहा- वीर सपूतों को कभी न भूलें






**अमरोहा (सब का सपना):-** स्वतंत्रता दिवस को लेकर जनपद अमरोहा में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जिले भर में 15 अगस्त से पहले ही रैलियां और तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में जनपद के कस्बा जोया में मंडल अध्यक्ष जीत सिंह के सौजन्य से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉक्टर हरीश सिंह ढिल्लों रहे। यात्रा मंडल से शुरू होकर जोया ब्लॉक तक निकाली गई। यात्रा के दौरान लोगों ने तिरंगे झंडे हाथ में लेकर देशभक्ति के नारे लगाए और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। पूरे मार्ग में उत्साह का माहौल रहा। शिक्षक विधायक डॉक्टर हरी सिंह ढिल्लों ने इस अवसर पर कहा कि देश के वीर सपूतों को कभी नहीं भुलाना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमें उनकी कुर्बानियों को सदैव याद रखना चाहिए और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों की भी सराहना की।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़, मूसलाधार बारिश में भी नहीं रुका भगवान शिव का जलाभिषेक







**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद की मंडी धनौरा क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ती दिखाई दी। शिवरात्रि के अवसर पर शिवालियों में मूसलाधार बारिश के दौरान भी शिव भक्तों ने भगवान शिव का दूध एवं गंगाजल से जलाभिषेक किया।महाशिवरात्रि के अवसर पर मंगलवार की तड़के तीन बजे से ही भगवान शिव के मंदिरों में शिव भक्तों की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली। भगवान शिव पर जलाभिषेक करने वाले भक्तों के अटूट जज्बे को मूसलाधार बारिश भी नहीं हिला सकती। इस दौरान धनौरा क्षेत्र के शिवालियों में 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। बता दें कि मंगलवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों जैसे पत्थरकुटी शिव मंदिर, गढ़ी शिव मंदिर, नुक्कड़ शिव मंदिर और बालाजी स्थित शिव मंदिर इसके अलावा गजरौला क्षेत्र स्थित चाकेश्वर झारखंडी महादेव शिवालय आदि में जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों की तड़के तीन बजे से ही लंबी-लंबी कतारे लगनी शुरू हो गई थी। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे डाक कांवड़ियों ने डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए शिव मंदिरों में प्रवेश किया। भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा ,दूध और जल अर्पित कर जल अभिषेक किया और सुख समृद्धि की भगवान शिव से कामना की। मंडी धनौरा क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ,डॉक्टर तान्या शर्मा ,रिचा शर्मा, रेणुका अग्रवाल ने भी शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया ।सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंडी धनौरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सरोहा भारी पुलिस बल और महिला पुलिस कर्मियों के साथ मुस्तैद रहे ,जिससे दर्शन पूजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके ।इस आयोजन का एक विशेष आकर्षण टोनिया माफी के युवाओं की टीम रही उन्होंने अद्मुय भक्ति का प्रदर्शन करते हुए मात्र 4 घंटे 20 मिनट में हरिद्वार से डाक कावड़ लाकर पत्थर कुटी शिव मंदिर में जल अभिषेक किया।

# समाजवादी विचारधारा के स्तंभ शिवपाल यादव का राजेंद्र सिंह खड्गवंशी ने किया भव्य स्वागत

## कार्यकताओं में दिखा उत्साह, सामाजिक न्याय का लिया संकल्प





**अमरोहा (सब का सपना):-** जनता और कार्यकताओं की आवाज, संघर्ष और समाजवादी विचारधारा के मजबूत स्तंभ शिवपाल सिंह यादव के जनपद अमरोहा आगमन पर मंगलवार को राजेंद्र सिंह खड्गवंशी ने कार्यकताओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। राजेंद्र सिंह खड्गवंशी ने बताया कि शिवपाल सिंह यादव के आगमन से कार्यकताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। उनके संघर्ष, अनुभव एवं समाजवादी विचारधारा से सभी को निरंतर प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर कार्यकताओं ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय, सम्मान और अधिकार पहुंचाने के संकल्प को मजबूत करने के लिए हम सभी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे। समाजवादी विचारधारा ही जनता का विश्वास और कार्यकताओं की ताकत है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के साथी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यूसुफ अब्बासी, बब्बू सैफी, डॉक्टर रिहान, रूबी कौसर, चौधरी शुहेल, दिलशाद गनी, अजमान खान, शमशेर सैफी, अल्ताफ, राजकुमार प्रधान, पप्पू यादव सहित अनेक साथी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धनौरा क्षेत्र की बाहें नदी में नहाने गया 30 वर्षीय युवक डूबा, पुलिस द्वारा युवक की तलाश जारी



**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के खादर इलाके में स्थित बाहें नदी में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक नदी के तेज बहाव में डूब गया। उसके साथ में वहां मौजूद उसके दोस्तों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए जिन्होंने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे युवक की तलाश शुरू कर दी हैं। बता दें कि पूरा मामला थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के खादर इलाके में स्थित गांव झुंडपुरा-रफातपुर में बह रही बाहें नदी के पुल के पास का है जहां पर मंगलवार को एक 30 वर्षीय युवक राजेंद्र सैनी अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था इसी दौरान वह नदी के तेज बहाव में बह गया इस मामले में प्राप्त जानकारी बताया गया कि गांव आसिफपुरा निवासी 30 वर्षीय राजेंद्र सैनी पुत्र मलखान सैनी अपने दोस्तों रोबिन (आसिफपुरा)योगेश और खेमा (आजमपुर)के साथ दो बाइकों पर सवार होकर खादर क्षेत्र में आई बाढ़ के पानी को देखने गए थे। इसी दौरान बाढ़ के पानी को देखने के बाद वह चारों दोस्त झुंडपुरा-रफातपुर स्थित बाहें नदी के पुल पर नहाने के लिए रुक गए। राजेंद्र सैनी जैसे ही नदी में कूदा, वह पानी के प्रचंड वेग में फंस गया। तैरना जानने के बावजूद वह तेज बहाव का मुकाबला नहीं कर पाया और डूब गया। दोस्तों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण एकत्र हुए और तुरंत पुलिस को सूचना दी।राजेंद्र सैनी शादीशुदा था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में शोक छा गया है।शेरपुर चौकी प्रभारी राजकिशोर ने बताया कि युवक को तैरना आता था, लेकिन नदी में जलस्तर अधिक होने और पानी का बहाव अत्यधिक तेज होने के कारण वह डूब गया। गोताखोरों की मदद से बाहें नदी में लगातार तलाश की जा रही है।

# राज्य मंत्री ने ग्राम गुलड़िया पहुंचकर स्व. सुधांशु प्रजापति के परिजनों से की मुलाकात, व्यक्त की गहरी संवेदनाएं





**अमरोहा (सब का सपना):-** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति जी ने आज नौगावां सादात क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया पहुंचकर स्व. सुधांशु प्रजापति के परिजनों से मुलाकात की तथा अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। 21 वर्षीय सुधांशु प्रजापति की हत्या की घटना पर उन्होंने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए परिवार को हरसंभव सहयोग एवं संबल का विश्वास दिलाया। राज्य मंत्री ने कहा कि एक युवा बेटे को खोने का दुःख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इस कठिन एवं दुःखद घड़ी में प्रदेश सरकार पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर प्रकरण की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस दुःखद घटना में दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा

तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। राज्य मंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# योग चैंपियनशिप में अमरोहा की बेटियों का परचम, प्रदेश में प्राप्त किया दूसरा स्थान




**अमरोहा (सब का सपना):-** इटावा सफारी पार्क में 7 से 9 अगस्त तक आयोजित दसवीं योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में अमरोहा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया। जय शिव कन्या इंटर कॉलेज, बुडेरना के कोच सुशील कुमार धीमान के कुशल नेतृत्व में अमरोहा की टीम ने कुल छह रजत पदक जीतकर सेकंड पोजीशन की ट्रॉफी अपने नाम की। टीम की खिलाड़ियों अंतिम चौधरी, प्रियांशी नागर, निशा शर्मा, निधि पाल, कल्पना सैनी और अंशिका शर्मा ने उत्कृष्ट योग कौशल का प्रदर्शन करते हुए एक-एक रजत पदक हासिल किया। ये सभी खिलाड़ी जय शिव कन्या इंटर कॉलेज, बुडेरना की छात्राएं हैं। चैंपियनशिप में लड़कों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। मिनी बालक वर्ग में माधव भाटी और सब जूनियर बालक वर्ग में शिवाजी भाटी ने रजत पदक जीते। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कॉलेज की प्रबंधक चारू शर्मा, प्रधानाचार्या पूनम चाहल और संरक्षक अरविंद शर्मा ने खिलाड़ियों तथा कोच को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जनपद अमरोहा के लिए गर्व का विषय है। खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम और कोच के मार्गदर्शन से यह परिणाम संभव हो सका। अमरोहा की इन बेटियों ने योग के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से युवाओं में खेल और योग के प्रति रुचि और बढ़ेगी।

# अमरोहा की बेटी अजनारा का कमाल, राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन



**अमरोहा (सब का सपना):-** डी.एन.एस. कॉलेज, डिडौली में मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमरोहा की कक्षा 9 की मेधावी छात्रा अजनारा ने अंडर-14 वर्ग में भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए अजनारा ने राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल कर लिया और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। मंडल स्तरीय इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अजनारा ने अपने कौशल, फिटनेस और आत्मविश्वास के बल पर बेहतर प्रदर्शन किया। उनके चयन से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमरोहा में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को विद्यालय और जनपद दोनों के लिए गर्व का विषय बताया।

अजनारा की इस सफलता ने साबित कर दिया कि लगन और नियमित अभ्यास से बड़े मंच तक पहुंचा जा सकता है। उनके चयन से अन्य छात्राओं में भी खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है। विद्यालय प्रशासन और कोचिंग स्टाफ ने अजनारा को बधाई देते हुए कहा कि वे राज्य स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करेंगी और जिले का मान और बढ़ाएंगी।

# पुलिस ने 46 लाख रुपए के 249 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए





**बहजोई/सम्भल (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत के कुशल निर्देशन में गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान में सम्भल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार को जनपदीय साइबर सेल एवं थाना साइबर सेल द्वारा विभिन्न कम्पनियों के 249 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 46 लाख रुपये बताई गई है। जनपद में गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोनों के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने साइबर थाना, जनपदीय साइबर सेल एवं थाना साइबर सेल को मोबाइल फोनों की शीघ्र बरामदगी के निर्देश दिए थे। निर्देशों के क्रम में साइबर सेल की टीम ने दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित उएक्क्रपोर्टल के माध्यम से लगातार प्रयास करते हुए जनपद सम्भल के साथ-साथ गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से कुल 249 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा सुपुर्द किए गए। मोबाइल वापस मिलने पर स्वामियों ने सम्भल पुलिस की कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। जनपदीय साइबर सेल ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल फोन गुम अथवा चोरी होने की स्थिति में तत्काल अपने सिम कार्ड को ब्लॉक कराएं और बैंक खाते एवं अन्य महत्वपूर्ण खातों की सुरक्षा के लिए संबंधित बैंक से संपर्क करें। इसके साथ ही मोबाइल के दुरुपयोग को रोकने तथा उसकी बरामदगी की संभावना बढ़ाने के लिए सीईआईआर पोर्टल अथवा संचार साथी एप के माध्यम से आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराना बेहद जरूरी है।

पुलिस के अनुसार कोई भी नागरिक अपना मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर स्वयं सीईआईआर पोर्टल एवं संचार साथी एप के माध्यम से आईएमईआई ब्लॉक कराने की प्रक्रिया पूरी कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति थाने में शिकायत दर्ज कराता है तो उसे थाने से सीईआईआर पोर्टल पर आईएमईआई ब्लॉक कराने की रिक्वेस्ट आईडी अवश्य प्राप्त करनी चाहिए, ताकि आईएमईआई ब्लॉक होने की पुष्टि हो सके।

संचार साथी एप में आईएमईआई ब्लॉक कराने के अलावा संदिग्ध एवं धोखाधड़ी वाले कॉल अथवा संदेशों के खिलाफ शिकायत करने, अपने नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शनों की जानकारी प्राप्त करने तथा मोबाइल फोन की वास्तविकता जांचने सहित कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। एप को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। वहीं सीईआईआर पोर्टल पर सीधे शिकायत दर्ज कर मोबाइल का आईएमईआई ब्लॉक कराया जा सकता है।

सम्भल पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में बिना देरी किए संबंधित थाने में सूचना देने के साथ-साथ सीईआईआर पोर्टल पर आईएमईआई ब्लॉक कराने की कार्रवाई जरूर करें।

# सातादबाड़ी शिव मंदिर पहुंचे डीएम-एसपी, कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत





**बहजोई/सम्भल (सब का सपना):-** श्रावण माह की शिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन-पूजन व्यवस्था के दृष्टिगत मंगलवार को जिलाधिकारी सम्भल अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने थाना बहजोई क्षेत्रांतर्गत स्थित सातादबाड़ी शिव मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मंदिर में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पूजा-अर्चना के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की भीड़, मंदिर में प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, आवागमन तथा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और भीड़ को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जल लेकर मंदिर पहुंच रहे श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्वक दर्शन-पूजन करने तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करने की अपील भी की। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को श्रावण माह के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्रभावी एवं सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# कृषि निर्यात को मिलेगी नई रफ्तार, आलू के साथ मेंथा व बासमती पर जोर





**सम्भल(सब का सपना):-** कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने जनपद में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं, कृषि निर्यात नीति तथा जनपद में कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने सम्भल विधायक इकबाल महमूद तथा सम्भल सांसद जिया उर रहमान वर्क के प्रतिनिधि ममलूक उर रहमान वर्क को विभाग की जानकारी पुस्तिका भेंट की। उन्होंने उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराते हुए बताया कि कृषि उत्पादों के निर्यात पर परिवहन अनुदान की व्यवस्था है। पात्र निर्यातक निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद सम्भल से मुख्य रूप से मेंथा और बासमती चावल का निर्यात किया जाता है। गत वर्ष विभागों एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से पहली बार सम्भल से आलू का निर्यात बहरीन के लिए किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर आलू की खेप रवाना की गई थी। इसे जनपद के कृषि निर्यात क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना गया। अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जिले के कई किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को भी निर्यात गतिविधियों से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। कुछ एफपीओ निर्यात के लिए आवश्यक लाइसेंस एवं अन्य दस्तावेज तैयार करा रहे हैं। इसके साथ ही एफपीओ के प्रतिनिधि को हैदराबाद में आयोजित कृषि निर्यात प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया गया, जहां उन्हें निर्यात प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों और अंतरराष्ट्रीय बाजार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि जनपद सम्भल में कृषि निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। विभागों के समन्वित प्रयास और किसानों की सक्रिय भागीदारी से निर्यात को नई गति दी जा सकती है। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ ही उनकी आय में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर विधायक इकबाल महमूद ने कहा कि सम्भल में आलू का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है, इसलिए इसके निर्यात की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने मेंथा के साथ बासमती चावल के निर्यात को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं सांसद प्रतिनिधि ममलूक उर रहमान वर्क ने कहा कि जनपद से आलू के निर्यात को विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध होगा और उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। साथ ही इससे जनपद की कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर, भाजपा कार्यकताओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा






**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** भारतीय जनता पार्टी नगर चंदौसी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गांधी पार्क से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सहभागिता कर कार्यकताओं एवं नगरवासियों का उत्साहवर्धन किया। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नगरवासी देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय और ह्यवंदे मातरम्‌ के जयघोष से पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। गांधी पार्क से शुरू हुई यात्रा फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, घंटाघर और संभल गेट होते हुए पुनः गांधी पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह देश के वीर सपूतों के त्याग और बलिदान के साथ ही राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व और गौरव से जोड़ने का अभियान है। उन्होंने कार्यकताओं एवं नगरवासियों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा जिला महामंत्री मनोज कठेरिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना तथा स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश के वीर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। नगर मंडल प्रभारी देवेंद्र चौधरी ने कहा कि तिरंगा प्रत्येक भारतीय के गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। भाजपा कार्यकर्ता हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए नगर के प्रत्येक वार्ड और बूथ तक पहुंचकर नागरिकों को अभियान से जोड़ेंगे।

तिरंगा यात्रा में विनोद कुमार विन्नी, आमोद वार्ष्णेय, मंजू दिलेर, चंद्रपाल सिंह पप्पू, चंद्रसेन दिवाकर, सुशील कुमार, तरुण कुमार नीरज, सुधीर मल्होत्रा, गिरीश रतन, मनोज दिवाकर, हरेंद्र कोहली, अमित अग्रवाल, रोहित दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता मोनू, डॉ. टीएस पाल, आशा गोस्वामी, शीला सागर, इंदू रानी, आकाश आहूजा, प्रतिभा चौधरी, राजकुमार ठाकरे, पुष्पलता पाल, पुष्पेंद्र मौर्य, किरण शर्मा, कृष्णा शर्मा, प्रीति शर्मा, रेशमा, रचना, योगेश, काजल, संगीता, शुभम अग्रवाल, यश मदान, सावन शर्मा, ज्ञान प्रकाश चिंटू, पप्पू मौर्य, आकाश, संजय बंसल, अंकुल देव, सूर्यजीत सिंह, गोपेश, रक्षा रानी, अनुभव, मनतेश, डॉ. अमित और विनीत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नगरवासी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण मुक्त होते ही फिर बहने लगी महिष्मति नदी की जलधारा





**संभल (सब का सपना):-** कभी अपनी जलधारा के लिए पहचान रखने वाली महिष्मति नदी (भैंस नदी) में लंबे समय बाद एक बार फिर पानी बहने लगा है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में संचालित एक जनपद-पांच नदियाँ अभियान के तहत नदी के अतिक्रमण वाले हिस्सों को चिह्नित कर उन्हें मुक्त कराने के साथ ही खुदाई, सफाई एवं पुनरुद्धार का कार्य कराया जा रहा है। अभियान के सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं और पुनरुद्धार किए गए हिस्सों में जलधारा प्रवाहित होने लगी है। महिष्मति नदी तहसील सम्भल के खग्गुपुरा, रसूलपुर सराय, नरोत्तम सराय, बदायूं दरवाजा एवं हबीबपुर गांवों से होकर गुजरती है। जनपद में नदी की कुल लंबाई करीब 12 किलोमीटर है। वर्तमान में लगभग 1.5 से 2 किलोमीटर नदी क्षेत्र को उप जिलाधिकारी सम्भल विकासचन्द्र के निर्देशन में तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार भूड़ अरविंद कुमार सिंह एवं राजस्व टीम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इसके बाद नदी की खुदाई एवं सफाई कराकर उसे उसके प्राचीन स्वरूप में लाने का प्रयास किया गया। उप जिलाधिकारी सम्भल विकासचन्द्र ने बताया कि नदी के अतिक्रमण वाले हिस्सों को चिह्नित कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। इसके साथ ही नदी की खुदाई और सफाई का कार्य भी कराया जा रहा है। पुनरुद्धार के बाद नदी के कुछ हिस्सों में पानी का प्रवाह शुरू होना अभियान की सफलता का सकारात्मक संकेत है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने बताया कि ह्यएक जनपद-पांच नदियाँह्ल अभियान के तहत जनपद में जल संरक्षण, जल संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। गुन्नौर क्षेत्र की वर्धमान नदी का भी पुनरुद्धार कराया जा रहा है, जहां जलधारा प्रवाहित होने लगी है। इसी क्रम में महिष्मति नदी को भी चरणबद्ध तरीके से पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कराकर उसके प्राचीन स्वरूप में लौटाया जाएगा। प्रशासन के इस अभियान से नदियों की जलधाराओं को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। महिष्मति नदी में दोबारा पानी का प्रवाह शुरू होना क्षेत्र में जलधाराओं के पुनर्जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# पहाड़ी क्षेत्रों लगातार हो रही बारिश के चलते 200.65 पहुंचा तिगरी गंगा का जलस्तर, घाटों पर भरा पानी





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण गजरौला क्षेत्र स्थित तिगरी गंगा नदी लगातार उफान पर है, मंगलवार को तिगरी गंगा का जलस्तर 200.65 सेंटीमीटर दर्ज किया गया। उधर लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर से पुरोहितों की झोपड़ियां पूरी तरह डूब गई है और गंगा घाटों पर भी पानी भर गया है। बता दें कि दरअसल इन दिनों पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश का असर मैदानी इलाकों में दिख रहा है। हरिद्वार बैराज से रोजाना गंगा नदी में भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। मंगलवार को हरिद्वार बैराज से 93967 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अमरोहा में तिगरी गंगा का जलस्तर बढ़ गया है।जलस्तर बढ़ने से तिगरी गंगा धाम के घाट पूरी तरह पानी में डूब गए हैं। घाट पर स्थित पुरोहितों की झोपड़ियां भी जलमग्न हो गई हैं। स्थिति को देखते हुए घाट पर मौजूद दुकानदारों ने अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर हटा लिया है।इसके साथ ही, खादर इलाके के गांव ओसिता जगदेपुर में खेतों में चार-चार फीट तक पानी भर गया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर से खादर क्षेत्र में रहने वाले लोगों और किसानों में दहशत का माहौल है, क्योंकि उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में बाढ़ खंड तिगरी के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि गंगा का जलस्तर पिछले कई दिनों से घट-बढ़ रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि गंगा अभी खतरे के निशान से काफी दूर है और बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# धनौरा क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से सड़कें जलमग्न, जलाभिषेक करने पहुंचे शिव भक्तों को भी आवागमन में परेशानी



**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के मंडी धनौरा क्षेत्र में मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। जिससे नगर की प्रमुख सड़कों पर भी काफी जल भराव देखा गया उधर महाशिवरात्रि के अवसर पर भी शिवालियों में जलाभिषेक करने पहुंचे शिव भक्तों को भी जल भराव के कारण असुविधा का सामना करना पड़ा। बता दें कि मंगलवार को महाशिवरात्रि के दिन सुबह पांच बजे से ही मूसलाधार बारिश होनी शुरू हो गई थी जो लगातार ग्यारह बजे तक जारी रही।क्षेत्र में हुई लगातार बारिश के कारण नगर के कलाली रोड, धनौरी रोड और मुहल्ला शिवपुरी में स्थिति गंभीर रही। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण इन इलाकों की सड़कों पर घुटनों तक पानी जमा हो गया।मुहल्ला शिवपुरी निवासी दिव्यांग आनंद प्रजापति ने बताया कि उनके घर के सामने घुटनों तक पानी भर जाने से उनका बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्हें दैनिक कार्यों में काफी कठिनाई हो रही है।जलभराव की इस समस्या पर रोष व्यक्त करते हुए सोविंदर लेखपाल, महीपाल सिंह (कलाली रोड), रहीस सैफी और पूर्व सभासद श्रीकृष्ण सैनी ने नगर पालिका से स्थाई समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि हर साल बारिश में नालियों का पानी सड़कों पर आ जाता है, जिससे आम जनता को परेशानी होती है।नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) अवधेश वर्मा ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण कुछ निचले इलाकों में पानी भर गया है।

उन्होंने स्वीकार किया कि कलाली रोड का स्तर नीचा होने के कारण वहां जलभराव होता है। ईओ वर्मा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क का नया निर्माण कराकर और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर कर इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

# खस्ताहाल सड़क से परेशान ग्रामीण, जलभराव और कीचड़ से आवागमन मुश्किल



**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** विकास खंड बहजोई क्षेत्र के ग्राम भवन में मोहल्ले की खस्ताहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति लंबे समय से खराब है और बारिश अथवा पानी निकासी की समस्या के कारण सड़क पर हर समय कीचड़ एवं पानी भरा रहता है। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में अन्य विकास कार्य कराए गए हैं, लेकिन उनके मोहल्ले की सड़क की स्थिति अभी भी बेहद खराब है। सड़क पर बिछा खड़ंजा भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुका है। जलभराव और कीचड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को होती है। समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों ने खण्ड विकास अधिकारी बहजोई को प्रार्थना पत्र लिखकर सड़क का निर्माण अथवा मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का निर्माण होने से जलभराव एवं कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन भी सुचारु हो सकेगा। प्रार्थना पत्र देने वालों में मोहन, शालू, बृजेश, प्रियंका, सतीश, प्रीती, रामावत शर्मा, दिलीप कुमार, शेरवाला और सुदीप सहित अन्य मोहल्लेवासी शामिल रहे। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्योहारा में घर-घर पहुंचा तिरंगा

**नगर पालिका कर्मचारियों ने वितरित किए 10 हजार राष्ट्रीय ध्वज, नागरिकों से तिरंगा संहिता के पालन की अपील**



**स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):-** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद शिवहर द्वारा विशेष अभियान चलाकर नगर क्षेत्र के नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। अभियान के तहत नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने घर-घर पहुंचकर करीब 10 हजार तिरंगे झंडों का वितरण किया। नगर पालिका कर्मचारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों पर पूरे सम्मान और तिरंगा संहिता का पालन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाकर नागरिकों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करना है। नगर पालिका परिषद की ओर से बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान 9 अगस्त से 17 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान नागरिकों को तिरंगे के सम्मान और उसकी गरिमा बनाए रखने के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों से विशेष रूप से अनुरोध किया कि अभियान की अवधि समाप्त होने के बाद तिरंगे को किसी भी स्थिति में जमीन पर न फेंकें और न ही उसका अनादर करें। अपने घरों से तिरंगे को आदरपूर्वक उतारकर सुरक्षित एवं सम्मानजनक स्थान पर रखें। नगर पालिका के इस अभियान को लेकर नागरिकों में भी उत्साह देखने को मिला। घर-घर तिरंगा पहुंचने से नगर क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल नजर आया।

# जनाजे के सम्मान में डीसीएम चालक ने रोकी गाड़ी, डीजे भी किया बंद

**स्योहारा में देखने को मिला इंसानियत और आपसी सम्मान का खूबसूरत नजारा**



**स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):-** नगर में रविवार को इंसानियत, आपसी सम्मान और भाईचारे की मिसाल पेश करने वाला एक भावुक नजारा देखने को मिला। मास्टर नसीम जफर साहब के इंतकाल के बाद उनका जनाजा उस्मान अली खां चौराहे से होकर गुजर रहा था। जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे और जनाजा सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान मुरादाबाद की ओर से हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहा एक डीसीएम वाहन वहां पहुंचा। जनाजे को सड़क पार करते देखकर डीसीएम चालक ने तुरंत अपनी गाड़ी रोक दी। इतना ही नहीं, सम्मान के तौर पर वाहन में बज रहा डीजे भी बंद कर दिया गया। चालक ने तब तक इंतजार किया, जब तक जनाजे में शामिल सभी लोग सुरक्षित रूप से सड़क पार नहीं कर गए। जनाजा गुजर जाने के बाद ही डीसीएम चालक ने अपनी गाड़ी आगे बढ़ाई। चालक के इस व्यवहार ने मौके पर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया और वहां मौजूद लोगों ने उसके इस सम्मानजनक व्यवहार की सराहना की। यह छोटा-सा लेकिन बेहद खूबसूरत दृश्य यह संदेश दे गया कि इंसानियत, सम्मान और भाईचारा आज भी जिंदा है। किसी के अंतिम सफर का सम्मान करना समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द की एक बेहतरीन मिसाल है।

# गजरौला में शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की शोभायात्रा का भव्य स्वागत





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के गजरौला में मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी की स्मृति में दिल्ली से चलकर देवरिया जा रही जन-जागरण एवं बलिदान दिवस शोभायात्रा का गजरौला के मोहल्ला अल्लीपुर भूड़, हसनपुर रोड स्थित डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति के प्रतिष्ठान पर स्वागत किया गया।शोभायात्रा के गजरौला पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत गुलड़िया निवासी सुधांशु प्रजापति की गोली मारकर की गई हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि कार्यक्रम के दौरान राकेश गोला प्रजापति ने शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी के जीवन, उनके अदम्य साहस एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शहीदों की स्मृतियों को जन-जन तक पहुंचाना और नई पीढ़ी को उनके बलिदान से परिचित कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दिल्ली से देवरिया तक निकाली जा रही शोभायात्रा को राष्ट्रभक्ति, सामाजिक जागरूकता और शहीदों के सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।ठेकेदार चंद्रप्रकाश प्रजापति ने संविधान निर्माण में संविधान सभा के सदस्यों की भूमिका और लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निमार्ताओं के संघर्ष एवं योगदान को समाज की नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजरौला एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रजापति एकता सभा ने कहा कि शहीदों के बलिदान को केवल स्मरण करना ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना भी सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने शोभायात्रा के आयोजकों और सहभागी लोगों का स्वागत करते हुए राष्ट्रहित एवं सामाजिक एकता के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर राकेश गोला प्रजापति, ठेकेदार चंद्रप्रकाश प्रजापति, डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति, कैमिस्ट रजनीश कुमार प्रजापति, विजयपाल कारीगर, सभासद योगेश कुमार प्रजापति, समाजसेवी ठेकेदार योगेश पतराम सिंह प्रजापति, मंडल मंत्री सपना प्रजापति, सेठ उमेश प्रजापति, गोपाल कृष्ण, सोनू रावत, संजय सैनी, सुनीता रानी प्रजापति, नरेश कुमार यादव, डॉ. सचिन कुमार यादव, डॉ. विजेन्द्र सिंह, डॉ.गौतम सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र राणा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी अमर रहें, भारत माता की जय के नारों के साथ शोभायात्रा को देवरिया के लिए रवाना किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि शहीदों की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने वाली ऐसी यात्राएं राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और युवा पीढ़ी में देशप्रेम की भावना को मजबूत करने का कार्य करती हैं।

# भाजपा कार्यकताओं ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा



**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** भाजपा के आहवान पर नगर के भाजपाइयों ने मंदिर मुक्तेश नाथ से मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इन्द्रदेव, अनूप बाल्मीकि, पूर्व विधायक सतीश गौतम व कार्यक्रम संयोजक सचिन शर्मा की अगवाई में गांधी मूर्ति तक तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा बड़ा मंदिर मुक्तेश नाथ से शुरू होकर बाजार मझलेटा, लुहारी सराय, मंडी मॉल गंज, पालिका बाजार होते हुए गांधी मूर्ति पर पहुंचकर सभा में बदल गई। जहां कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इन्द्रदेव सिंह, क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, पूर्व विधायक सतीश गौतम व फूल सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक सचिन शर्मा व नगर मंडल अध्यक्षा अंजली मित्तल ने तिरंगा यात्रा में सम्मिलित सभी का आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा में पुरुषों के साथ साथ महिलाओं की संख्या अधिक दिखाई दी।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, डॉ.फूल सिंह चौधरी पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, अजीत अग्रवाल ,भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष यशपाल सैनी जी, मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री क्यूम राइन, पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, ओम प्रकाश सैनी प्रांतीय पार्षद रोहित रवि , जिला प्रतिनिधि शिव शंकर सक्सेना, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी,लवी मित्तल ,अनुज वर्मा, सोहन सैनी,मंडल मंत्री जितेंद्र राठी, हरमीत मल्होत्रा,अतुल भारती, इंदु ठुकराल मोहित गर्ग, संजीव अग्रवाल विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, तिलक राज, बदर मुनीम, आदि राठौर सभासद गोपाल दत्त शर्मा ,संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम नगीना ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** उपजिलाधिकारी प्रिंस कुमार ने मंगलवार को तहसील क्षेत्र के पुरैनी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के अचानक पहुंचने से विद्यालय में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय की व्यवस्थाओं, रख-रखाव, भंडारण, छात्राओं को दिए जा रहे पके भोजन एवं रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। उन्होंने छात्राओं के रहने, खाने-पीने और साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

एसडीएम प्रिंस कुमार ने छात्राओं को अपने हाथों से खाना परोसा और भोजन की गुणवत्ता को भी परखा। इसके अलावा कच्चे राशन का स्टॉक चेक किया और उसमें इस्तेमाल किए जा रहे ब्रांडेड उत्पादों की गुणवत्ता भी जांची। निरीक्षण में अधिकांश व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं, लेकिन कुछ खामियां भी सामने आईं। इस पर एसडीएम ने स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कमियों को जल्द दूर करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छात्राओं को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता और विद्यालय की व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वापसी में एसडीएम ने रामलीला बाग में ठहरे शिवभक्तों से वार्ता की और वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस संबंध में एसडीएम प्रिंस कुमार ने बताया कि दोनों स्थानों पर व्यवस्थाएं ठीक-ठाक मिलीं। कस्तूरबा में जो छोटी-मोटी खामियां थीं उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। रामलीला बाग में शिवभक्तों ने सभी व्यवस्थाएं ठीक बताईं और साफ-सफाई भी अच्छी पाई गई।

# भोले बाबा के सुंदर श्रृंगार ने मन मोहा

**श्रावण के द्वितीय सोमवार पर अनंत भुवनेश्वर मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब**





**अमौली/फतेहपुर (सब का सपना):-** श्रावण मास के पवित्र द्वितीय सोमवार के अवसर पर मंगलवार को कस्बे के सुप्रसिद्ध श्री अनंत भुवनेश्वर महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का विशेष अभिषेक, भव्य श्रृंगार एवं दिव्य संध्या आरती का आयोजन किया गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंदिर को फूलों और झालरों से सजाया गया था। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आरती में शामिल हुए और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। सुप्रसिद्ध आचार्य करुणाशंकर शास्त्री जी ने मुख्य यजमान डॉ. दयाशंकर त्रिवेदी एवं सुषमा त्रिवेदी के साथ विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस दौरान माताओं-बहनों ने भजन-कीर्तन कर प्रभु को रिझाया। आयोजक एवं मंदिर प्रबंधन के उमेश त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम वासियों एवं भक्तों के सहयोग से इस श्रावण मास में आयोजित सभी कार्यक्रम बड़े दर्शनीय एवं कल्याणकारी रहे हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी यजमानों, दानदाताओं, स्वयंसेवी माताओं-बहनों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में माया त्रिवेदी, चंद्रकांति त्रिवेदी, भगवती त्रिवेदी, माया ओमर, राधा ओमर, लक्ष्मी त्रिवेदी, प्रभा त्रिवेदी, आरती त्रिवेदी, सोनी ओमर, रिचा ओमर, गीता ओमर, आद्या त्रिवेदी, गोविंद बाजपेई, विजयशंकर त्रिवेदी, रविशंकर त्रिवेदी, सत्यनारायण ओमर, प्रेम गहोई, विमल ओमर, मोहित ओमर, सचिन त्रिवेदी, संदीप त्रिवेदी, सुधांशु त्रिवेदी, हिमांशु त्रिवेदी, विवेक प्रजापति, प्रबल त्रिवेदी सहित समस्त भक्त समुदाय उपस्थित रहा।

# महाशिवरात्रि पर 121 लीटर गंगाजल लाने वाले लवी बिश्नोई का किया गया भव्य स्वागत



**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरिद्वार से कलश कांवड़ में 121 लीटर गंगाजल लाने वाले लवी विश्नोई का आज शिवभक्तों व विश्नोई समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। लवी विश्नोई ने प्राचीन सिद्धपीठ बड़ा मंदिर मुक्तेश्वरनाथ के शिवालय में अपने परिवार के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया। विश्नोई सराय निवासी नगर पालिका के सभासद बृजमोहन विश्नोई उर्फ बल्ली के युवा पुत्र लवी विश्नोई चार दिन पूर्व अपने साथियों के साथ 121 लीटर पवित्र गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार गए थे। लवी विश्नोई प्रत्येक वर्ष हरिद्वार से कलश कांवड़ में 121 लीटर पवित्र गंगाजल लाकर बड़ा मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक करते आ हैं। मंगलवार की सुबह सावन की शिवरात्रि के अवसर पर लवी विश्नोई हरिद्वार से 121 लीटर पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौटे। नगीना -रायपुर -बढ़ापुर तिराहे स्थित सिद्धार्थ पेट्रोल पंप पर नगर के शिवभक्तों व विश्नोई समाज के लोगों ने लवी विश्नोई व उनके साथियों का फूल मालाओं के साथ ढोल ढमाको से भव्य स्वागत कर बड़ा मंदिर मुक्तेश नाथ तक भोले के जयकारों के साथ लेकर आए।उसके बाद लवी विश्नोई ने अपने परिवार के साथ प्राचीन सिद्धपीठ बड़ा मंदिर मुक्तेश्वरनाथ में स्थित शिवालय के स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।इस अवसर पर उनके पिता बृजमोहन विश्नोई उर्फ बल्ली, भाजपा नेता लवी विश्नोई, अरुण शर्मा समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के तत्वावधान में किया गया विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन

**प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में निकली बाइक रैली, डीएम और एसपी ने दिखाई हरी झंडी**



**फतेहपुर (सब का सपना):-** राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश लेकर आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के तत्वावधान में मंगलवार को फतेहपुर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने हरी झंडी दिखाकर किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में जिले भर के व्यापारी, युवा, समाजसेवी और संगठन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और मुंह पर देशभक्ति के नारे लिए सैकड़ों बाइक सवार शहर की सड़कों पर निकले तो पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। कलेक्ट्रेट से स्पोर्ट्स स्टेडियम तक लहराया तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होते हुए स्पोर्ट्स स्टेडियम, शांतिनगर में समाप्त हुई। रास्ते भर अनुशासन के साथ तिरंगा लहराते युवाओं और व्यापारियों ने लोगों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष अभिनव यादव महिला जिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता और युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद इमरान के नेतृत्व में बाइक सवारों का जत्था सबसे आगे रहा। तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। ऐसी यात्राएं समाज में भाईचारे और देशप्रेम की भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा, "व्यापारी समाज केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित के कार्यों में भी अपनी अहम भूमिका निभाता है।प्रशासनिक अधिकारियों की रही मौजूदगी शुभारंभ के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी विपिन पांडे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, एसडीएम न्यायिक अनामिका श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा और नगर पालिका ईओ रविंद्र कुमार सहित कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अभिनव यादव और महामंत्री अमित शरण बॉबी ने किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद बाबू टाटा, काली शंकर श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, प्रदेश महिला अध्यक्ष संगीता तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष माधुरी साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में प्रदीप गर्ग ने यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रशासन, पुलिस और सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रध्वज को नमन के बाद निकली तिरंगा यात्रा

**देश के बलिदानी सपूतों के शौर्य को नमन, हर घर तिरंगा यात्रा का लक्ष्य - राजेंद्र सिंह पटेल**





**अमौली/फतेहपुर (सब का सपना):-** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर मंगलवार को विकासखंड अमौली के सुप्रसिद्ध मल्लिकार्जुन धाम मंदिर परिसर से प्रधानमंत्री की पहल और मुख्यमंत्री के निर्देश पर एकात्मता का संदेश देने के लिए विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने किया। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष ने अमर शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। इसमें ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह सहित विकासखंड के समस्त विभागों के कर्मचारी और आम जनमानस ने भाग लिया। देशभक्ति के गीतों और राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ तिरंगा हाथों में लिए अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और बच्चे अमौली कस्बे की गलियों से होते हुए बस स्टॉप तक पहुंचे। कार्यक्रम के संचालक शिक्षक उमेश कुमार के देने आए यह संदेश अपनी माटी अपना देश, अमर शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान जैसे नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक रजत प्रताप सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, महिला मोर्चा की उत्प्रेक्षा त्रिवेदी, खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी, डॉ. राम भक्त वर्मा, चौकी इंचार्ज अविनाश मिश्रा, एडीओ आईएसबी मुन्ना लाल सहित पुलिस बल के जवान, कर्मचारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## 131 लीटर गंगाजल लेकर पहुंचे शिवभक्तों का पुष्पवर्षा से स्वागत



**शिकारपुर/बुलंदशहर (सब का सपना):-** सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान 131 लीटर गंगाजल लेकर गांव सलेमपुर पहुंचे शिवभक्तों का भाकियू नेता दीपक चौधरी ने ग्रामीणों के साथ पुष्पवर्षा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान शिवभक्तों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। भाकियू नेता दीपक चौधरी ने कहा कि कठिन यात्रा पूरी कर गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्तों की सेवा और स्वागत करना सौभाग्य की बात है। राहुल डीलर व पूर्व प्रधान हरेंद्र सिंह ने भी शिवभक्तों की सेवा को पुण्य कार्य बताया। इस मौके पर बाबा खिच्चू सिंह, सीटू चौधरी, धर्मवीर सिंह, जय सिंह, देवेंद्र सिंह, महेश फौजी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## कूड़ा उठते ही फिर लग जाता है गंदगी का ढेर



**जहांगीराबाद में स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल, दुकानदार व राहगीर परेशान**

**जहांगीराबाद/बुलंदशहर (सब का सपना):-** मोहल्ला प्रभुदयाल के वार्ड नंबर-20 स्थित गांधी चौक की सोती मार्केट के सामने स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर पालिका की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी प्रतिदिन सुबह करीब सात बजे कूड़ा उठा ले जाती है, लेकिन कुछ ही घंटों बाद कूड़ेदान के आसपास दोबारा कूड़े का ढेर लग जाता है। कूड़े से उठने वाली दुर्गंध के कारण आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार पालिका अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका। स्थानीय लोगों ने कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई के साथ ही मौके पर नियमित निगरानी की मांग की है।

## रामलीला महोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी तेज, अरुण सिंघल बने अध्यक्ष



**डिबाई/बुलंदशहर (सब का सपना):-** श्री रामलीला महोत्सव-2026 को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को रामलीला कमेटी के महामंत्री कमल वर्मा एवं विनय शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अरुण कुमार सिंघल को अध्यक्ष नियुक्त किया। महामंत्री कमल वर्मा ने बताया कि जल्द ही कमेटी की पूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके बाद वृंदावन-मथुरा के प्रसिद्ध रामलीला स्वरूपों को डिबाई आमंत्रित करने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। रामलीला महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को महामंत्री कमल वर्मा ने विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी से मुलाकात कर आयोजन में सहयोग का आग्रह किया। विधायक ने प्रशासनिक अथवा अन्य किसी समस्या के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्रवासियों और प्रशासन के सहयोग से इस बार रामलीला महोत्सव को और अधिक भव्य बनाया जाएगा।

## समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने दिया धरना



**अमौली/फतेहपुर (सब का सपना):-** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अमौली ब्लॉक परिसर एवं पावर हाउस में धरना-प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की। किसानों ने अन्ना पशुओं की समस्या, बिजली आपूर्ति में सुधार, खाद की किल्लत सहित कई मांगों को प्रमुखता से उठाया। धरने के दौरान किसानों ने कहा कि अन्ना पशुओं के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है। वहीं बिजली की अनियमित आपूर्ति और खाद की उपलब्धता को लेकर भी किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग की।

## ओपी राजभर का सपा पर हमला, कहा- अखिलेश की वजह से पंचायत चुनाव में हुई देरी; 2027 में सफाया तय

**लखनऊ:** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि साल 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। 2028 तक पार्टी के राजनीतिक अस्तित्व पर संकट खड़ा हो जाएगा। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। सपा नेता अबू आजमी के बयानों पर राजभर ने कहा कि यदि उनमें हिम्मत है तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाने का एलान कराकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि सपा में चाटुकारिता का बोलबाला है। पार्टी में कोई व्यक्ति नेतृत्व से सवाल करता है तो उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। उन्होंने सपा के पीडीए फॉमूर्ले को भी छलावा करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा चार बार प्रदेश की सत्ता में रही, लेकिन पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हित में कोई ठोस काम नहीं किया। शिक्षा के क्षेत्र में भी अपेक्षित कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। प्रदेश के करीब 22 हजार गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी और कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की जा रही है। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय की स्थापना से पूर्वांचल के युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर

## चार माह बाद बसपा में लौटे पूर्व मंत्री धर्मवीर अशोक, पश्चिमी यूपी में बढ़ी सियासी हलचल



**जहांगीराबाद/बुलंदशहर (सब का सपना):-** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री धर्मवीर सिंह अशोक की पार्टी में दोबारा वापसी करा दी है। करीब चार माह पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किए गए धर्मवीर अशोक की वापसी की पुष्टि बसपा जिलाध्यक्ष रविंद्र प्रधान ने की है। धर्मवीर अशोक की घर वापसी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बसपा के संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बसपा संस्थापक कांशीराम के करीबी सहयोगियों में रहे धर्मवीर अशोक संगठन के साथ-साथ सरकार में भी कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। वह दो बार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) तथा मायावती सरकार में कारागार मंत्री रह चुके हैं। अप्रैल में निष्कासन के बाद उनके समाजवादी पार्टी में जाने की चचाएं भी सियासी गलियारों में तेज थीं, लेकिन उन्होंने किसी अन्य दल की सदस्यता नहीं ली। अब बसपा में वापसी के बाद इन चचाओं पर विराम लग गया है। उनकी वापसी को आगामी चुनावी तैयारियों और पश्चिमी यूपी में पुराने एवं जमीनी नेताओं को फिर सक्रिय करने की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

## सेवा के साथ स्काउटिंग का सुंदर उदाहरण, कांवड़ियों को दी फर्स्ट एड सेवा




**खुर्जा/बुलंदशहर (सब का सपना):-** नगर में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए संचालित फर्स्ट एड सेवा शिविर के दूसरे दिन नहर रोड स्थित अमेयश हॉस्पिटल के सामने स्काउट-गाइड, रोवर एवं रेंजर ने कांवड़ियों व राहगीरों को प्राथमिक उपचार, पट्टी-बैंडेज, शीतल जल, जलजीरा एवं फल उपलब्ध कराए। जिला मुख्य आयुक्त डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने शिविर में पहुंचकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और सेवा कार्य की सराहना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। जिला संगठन आयुक्त पवन कुमार राठी के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने पूरी तत्परता से सेवा कार्य किया। आयोजन में डॉ. होशियार सिंह भाटी, मनोज कुमार सैनी सहित स्थानीय दुकानदारों व नागरिकों का सहयोग रहा।

## डिबाई में गूंजी हर-हर महादेव, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**डिबाई/बुलंदशहर (सब का सपना):-** सोमवार की देर शाम कैलाश ज्ञान मंदिर से बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोष से गूंज उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया। यात्रा का शुभारंभ डिबाई विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी एवं नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। बाटा बाली गली में श्री वार्ष्णेय युवा सभा द्वारा पुष्पवर्षा एवं जलपान की व्यवस्था की गई। पैठ चौराहा पर हर्ष इवेंट द्वारा भव्य लाइटिंग, इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और वाराणसी की तर्ज पर महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं घंटाघर पर समाजसेवी बंटी सर्राफ ने बाबा महाकाल को माला अर्पित कर पालकी यात्रा का स्वागत किया तथा पदाधिकारियों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। पालकी यात्रा छोटी बजरिया, माहेश्वरी नगर, चौक दुर्गा प्रसाद सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। अंत में विधि-विधान से महाआरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में भाजपा नगर अध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय, रितिक सिंघल, अंश वार्ष्णेय, प्रज्ञान वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, आयुष अग्रवाल, कुश वार्ष्णेय, एकाद राजपूत, अंकुश वार्ष्णेय, रचित वार्ष्णेय, समीर गुप्ता, हर्षित अग्रवाल, गगन वार्ष्णेय, हर्षित गुप्ता, विनय वार्ष्णेय (हर्ष इवेंट), आशीष भोला, विनीत वार्ष्णेय, मयूर वार्ष्णेय, बिट्टू वार्ष्णेय, आशीष वार्ष्णेय दानगढ़, आशीष वार्ष्णेय वृंदावन, अंशुल गुरु, चिंटू इलेक्ट्रॉनिक, मनोज कसेर, शुभम कसेर आदि शामिल रहे।

## जहानाबाद में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा, बीजेपी कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर लगाए देशभक्ति के नारे





**जहानाबाद/फतेहपुर (सब का सपना):-** हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही तिरंगा यात्रा का आयोजन मंगलवार को मंडल जहानाबाद में संपन्न हुआ। तिरंगा यात्रा को मुख्य अतिथि एवं जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। पूरा माहौल भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष नितिन ओमर, दीपक वर्मा, अजय पटेल, जयंती वर्मा, देवेंद्र सिंह राठौड़ संयोजक, शिवम शुक्ला सह-संयोजक, अरविंद गिहार संयोजक, विवेक उत्तम, महेश चौरसिया, शिवकुमार त्रिवेदी, रामकरण सिंह, अभिलाष मौर्य, गगन सहवाग सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूपी आइए, कहीं भी प्लांट लगाइए--- ऊर्जा मंत्री

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा, बायोएनर्जी, निवेश और नवाचार को नई गति देने वाले इंडिया बायोएनर्जी & टेक एक्सपो (IBET Expo)-2026 का ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भव्य शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इस अवसर पर देश-विदेश से आए विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश को बायोएनर्जी के क्षेत्र में देश का सबसे अग्रणी राज्य बताया। अपने संबोधन में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में देश में अग्रणी स्थान पर है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है, उड्क्ष्प्रोडक्शन में भी प्रदेश प्रथम स्थान पर है और रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश आज पीसफुल स्टेट के रूप में प्रथम स्थान पर है और बिजनेस फ्रेंडली स्टेट के रूप में भी सबसे ऊपर है। ऊर्जा मंत्री ने देश-विदेश के सभी निवेशकों और स्टेकहोल्डर्स का उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आह्वान करते हुए कहा कि ह्यआप आइए और उत्तर प्रदेश में कहीं भी अपने प्लांट लगाइए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निवेश के अनुकूल वातावरण के कारण उत्तर प्रदेश देश और दुनिया के निवेशकों के लिए एक भरोसेमंद डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि कचरे को समस्या के रूप में नहीं, बल्कि ऊर्जा, रोजगार और आर्थिक विकास के अवसर के रूप में देखा जाए। उड्क्ष्, बायोगैस, बायोमास और वेस्ट-टू-एनर्जी जैसी तकनीकें न केवल स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध करा सकती हैं, बल्कि कचरा प्रबंधन और सर्कुलर इकोनॉमी को भी मजबूती प्रदान कर सकती हैं।उन्होंने कहा कि बायोएनर्जी के क्षेत्र में निवेश से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों के कृषि अवशेषों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। इससे किसानों की अतिरिक्त आय, स्थानीय स्तर पर रोजगार और प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। IBET Expo जैसे अन्तर्राष्ट्रीय आयोजन उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेशकों और तकनीकी विशेषज्ञों के सामने अपनी संभावनाओं को प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। प्रदेश सरकार निवेश, तकनीक, नवाचार और उद्योगों के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का लक्ष्य केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि नई ऊर्जा तकनीक, निवेश और नवाचार के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनना है। बायोएनर्जी के क्षेत्र में आने वाले निवेश से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा "उत्तर प्रदेश भारत के बायोएनर्जी ट्रांज़िशन में एक प्रमुख शक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है। इसके पीछे राज्य के विशाल कृषि संसाधन, बढ़ता CBG इकोसिस्टम और मजबूत पॉलिसी सपोर्ट है। बायोएनर्जी, कृषि और शहरी कचरे को ऊर्जा में बदलने, ग्रामीण रोजगार पैदा करने और किसानों की आय बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है। उन्होंने आगे कहा, "राज्य उड्क्ष् और अन्य बायोएनर्जी प्रोजेक्ट्स के लिए एक अनुकूल इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और कुशल मैनपावर से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी कर रहा है। हम उत्तर प्रदेश में उड्क्ष्उपकरण बनाने और 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने की भी बड़ी संभावना देखते हैं, जिससे हमारे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। सरकार के मजबूत समर्थन और इंडस्ट्री की साझेदारी के साथ, उत्तर प्रदेश बायोएनर्जी को अपनी आर्थिक और टिकाऊ विकास का मुख्य आधार बनाने की अच्छी स्थिति में है।" इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी के महानिदेशक संजय गंजू ने कहा, "उत्तर प्रदेश में भारत के सबसे महत्वपूर्ण बायो-एनर्जी निवेश स्थलों में से एक के रूप में उभरने के लिए जरूरी पैमाना, कृषि आधार और नीतिगत महत्वाकांक्षा मौजूद है। राज्य के प्रचुर बायोमास संसाधन नए उद्योग स्थापित करने के साथ-साथ किसानों के लिए मूल्य सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में रोजगार पैदा करने का एक बड़ा अवसर प्रदान करते हैं।"

## पुलिस मुख्यालय में गूंजा वंदे मातरम्, हर घर तिरंगा अभियान में पुलिसकर्मियों ने किया सामूहिक गायन





*एजेंसी*

**नई दिल्ली।** हर घर तिरंगा 2026 अभियान के तहत दिल्ली पुलिस मुख्यालय के आदर्श ऑडिटोरियम में मंगलवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। देशभक्ति के जोश और उत्साह से भरे इस कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम् के इतिहास और उसके महत्व पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसके बाद मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत ह्यवंदे मातरम्ह्ण और राष्ट्रगान का गायन किया। इस दौरान पुलिस मुख्यालय का माहौल देशभक्ति के रंग में नजर आया। इस वर्ष हर घर तिरंगा 2026 अभियान वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य देशवासियों में तिरंगे के प्रति गौरव, देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना है। दिल्ली पुलिस के अनुसार अभियान के तहत राजधानी के विभिन्न जिलों और पुलिस इकाइयों में भी सामूहिक गायन सहित कई देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों के माध्यम से पुलिसकर्मियों में राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम और राष्ट्र के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। वंदे मातरम् के 150 वर्षः बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित ह्यवंदे मातरम्ह्ण भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशभक्ति का महत्वपूर्ण प्रतीक बना। यह राष्ट्रीय गीत आज भी देशवासियों को मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण की प्रेरणा देता है।

## स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा कड़ी, सेंट्रल जिले में पतंग उड़ाने पर रोक






*एजेंसी*

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने मध्य जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। डीसीपी रोहित राजबीर सिंह की निगरानी में सेंट्रल जिला पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों के आसपास पतंग उड़ाने तथा किसी भी अन्य हवाई वस्तु को उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस ने यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया है। आदेश के मुताबिक सेंट्रल जिले में जहां भी स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम या सार्वजनिक सभाएं आयोजित की जा रही हैं, उनके आसपास पतंग या अन्य हवाई वस्तु उड़ाने की अनुमति नहीं होगी। सक्षम प्राधिकारी की विशेष अनुमति होने पर ही इससे छूट दी जा सकेगी। पुलिस के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के दौरान वीआईपी, आम जनता और कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। साथ ही ऐसे किसी भी कार्य पर रोक लगाई गई है, जिससे सार्वजनिक शांति भंग होने, लोगों को खतरा, परेशानी या असुविधा पैदा होने की आशंका हो। सेंट्रल जिला पुलिस की टीमनेसभी आयोजनकताओं, संस्थानों प्रतिष्ठानों और आम लोगों से स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस एवं अन्य सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 16 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगा आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सेंट्रल जिले के सभी संबंधित एसीपी और एसएचओ को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# झुर्रियों के लिए करें एक्स्ट्रा केयर



**प्रदूषण** धूल-मिट्टी, तनाव, धूप और दौडभाग न जाने कितनी चीजों का सामना करना पडता है हमारी त्वचा को। ऐसे में समय रहते उचित देखभाल न करने से उम्र से पहले ही चेहरे पर झुर्रियां पड जाती हैं। यदि चेहरे व शरीर की त्वचा की सही देखभाल की जाए तो वर्षो तक चेहरा स्निग्ध व कमनीय बना रहेगा।

**झुर्रियां क्यों पडती हैं**

● समय के साथ त्वचा का प्राकृतिक तेल नष्ट होने लगता है और त्वचा में सूखापन आने लगता है। रूखी त्वचा पर पपडी वाले चकत्ते पड जाते हैं। त्वचा में नमी व चिकनाई का अभाव हो जाता है। जिसके कारण त्वचा और आंखों के आसपास भी लकीरें उभरने लगती हैं। गर्दन व गालों पर झुर्रियां पडने लगती हैं।

● सूर्य की तेज किरणें भी त्वचा की शत्रु हैं। वैसे तो शरीर के स्वास्थ्य के लिए सूर्य की किरणों से मिलने वाला विटमिन डी अति आवश्यक है, परंतु चेहरे की मुलायम त्वचा को सूरज की तेज किरणों से बचाना आवश्यक होता है। अन्यथा चेहरा झुलस सकता है। तेज यूवीए और यूवीबी किरणों से त्वचा का कैंसर तक होने का खतरा होता है।

● त्वचा हर क्षण, हर मौसम में बदलती है। उदाहरण स्वरूप खुशी के माहौल में, ठहाके लगाते समय हमारी त्वचा में अतिरिक्त निखार और चमक आ जाती है। जब हम दुखी और गमगीन माहौल या मूड में होते हैं तो हमारी त्वचा कुम्हला जाती है।

● तेल ग्रंथियों के कम सक्रिय होने की वजह से त्वचा में रूखापन आ जाता है। रूखी त्वचा खुश्की का शिकार होती है, जिसकी वजह से जल्दी झुर्रियां पडती हैं।

**झुर्रियां कैसे दूर करें**

असमय झुर्रियों के लिए आप क्या करें और क्या न करें, जानें-

**क्या करें**

● त्वचा को हमेशा साफ रखें, तेज डिटरजेंट के इस्तेमाल से बचें। चेहरे के लिए हमेशा ग्लिसरीनयुक्त साबुन का प्रयोग करें। मौसम परिवर्तन होने पर तेज गर्म पानी से नहाने के बजाय ठंडे या गुनगुने पानी से ही नहाएं। मुंह में पानी भर कर ठंडे पानी से छींटे मारें। झुर्रियां कम होंगी।

● सिबेशियस ग्रंथि से निकलने वाला सीबम त्वचा को नर्म और लचीला बनाता है। इसीलिए त्वचा को रूखा न रहने दें। रूखी त्वचा पर झुर्रियां जल्दी पडती हैं। ऐसे में अतिरिक्त नमी प्रदान करने के लिए मॉयस्चराइजिंग लोशन का प्रयोग करें।

● त्वचा की कोशिकाएं नमी के अभाव में निष्क्रिय होने लगती हैं। अत: रूखी त्वचा वालों को नमीयुक्त सौंदर्य प्रसाधन ही इस्तेमाल करने चाहिए।

● नियमित व्यायाम करें। योग अभ्यास से भी त्वचा कसावदार व कांतिपूर्ण होती है।

**क्या न करें**

● अधिक समय तक तेज धूप से अपनी त्वचा को बचाएं। यदि धूप में जाना ही पडे तो छाते या लेडीज हैट का प्रयोग करें।

● भोजन पर नियंत्रण रखें। पौष्टिक आहार त्वचा के लिए महत्वपूर्ण है। भोजन में प्रोटीन, वसा, फल, हरी सब्जियां, विटमिंस तथा खनिजों की कमी न होने दें। माडयुक्त भोजन अधिक न लें।

● अनावश्यक या जबर्दस्ती न मुसकराएं और न ही बनावटी भाव भंगिमाएं प्रदर्शित करें। स्वाभाविक तरीके से हंसे और मुसकराएं।

● धूम्रपान न करें। धूम्रपान से भी असमय त्वचा पर लकीरें उभर आती हैं।

**त्वचा पर कसाव लाने वाले पैक**

● एक अंडे में एक चम्मच संतरे का पाउडर और नीबू की चार बूंदें, चार चम्मच थर्मो पैक, दो चम्मच मुलतानी मिट्टी और दो चम्मच चंदन पाउडर मिलाकर गाढा सा क्रीम जैसा पैक बनाएं। इसे 20-25 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें। ऐसा सप्ताह में एक बार नियमित रूप से करें। पैक लगाने से पहले अरोमा ऑयल या बादाम के तेल से 15-20 मिनट तक हलके हाथों से चेहरे की त्वचा पर नीचे से ऊपर की तरफ मालिश करें।

● इसके अलावा केले को मसल कर उसमें थोडा सा शहद मिलाएं। उसके बाद सूखी त्वचा पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड दें।

● अंडे का पीला भाग, आधा चम्मच शहद, दो बूंद नीबू का रस, बादाम के तेल की 4-6 बूंदें और दो बूंद ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाने से मेकअप के पहले की तैयारी में त्वचा पर अच्छा प्रभाव पडेगा।

● कच्चे दूध से चेहरा साफ करने व फेस पैक में शहद और संतरे का रस मिलाकर लगाने से त्वचा में निखार आता है।

● नीम, पुदीना, तुलसी की पत्ती का पाउडर और मेथी पाउडर एंटीसेप्टिक का काम करता है। लाल चंदन शीतलता और चिकनाहट प्रदान करता है।

● मूली कस कर रस निकालें व समान मात्रा में मक्खन मिलाकर चेहरे व गर्दन पर लगाएं। एक घंटे बाद हलके गरम पानी से धो दें।

● गरम पानी में संतरे के छिलके डाल दें। रात भर पडे रहने दें। सुबह इसी पानी से चेहरा धोएं। ऐसा करने से त्वचा में गजब का कसाव आ जाएगा।

# सौंदर्य टिप्स

● पुदीने की चटनी बनाते समय पुदीने की पत्तियों को पीस कर एक चम्मच अलग रख लें। फिर उसमें चंदन का तेल, घिसी हुई जायफल और कच्चा दूध मिलाकर चेहरे पर लगाएं। दो घंटे बाद धो लें। मुंहासों के उपचार के लिए यह उपाय सबसे बेहतरीन है।

● एक चम्मच चने की दाल को दूध में रात भर के लिए भिगो दें। सुबह पीस कर इसमें हल्दी, मलाई और दो-चार बूंद गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलकर छुडाएं। आधे घंटे बाद धो लें। यह तैलीय त्वचा के लिए प्रभावी उबटन है।

● चेहरे के दाग-धब्बे, त्वचा का सूखापन और झुर्रियां दूर करने के लिए मेथी के पत्तों को पीस कर चेहरे पर पांच मिनट तक लगाएं। फिर साफ पानी से धो लें।

● बढती आयु या अधिक मेकअप की वजह से यदि रोमछिद्र बडे हो गए हों तो नीबू का रस कच्चे दूध में मिलाकर चेहरे पर लगाएं।

● कील मुंहासे, दाग या चेहरे पर निशान लंबे समय तक नारियल पानी लगाने से मिट जाते हैं। यदि नारियल पानी उपलब्ध न हो तो दूध में बताशा भिगोकर या पानी में मिश्री भिगोकर चेहरे पर लगाएं। धीरे-धीरे दाग धब्बे दूर होंगे।

● चेहरे की रंगत निखारने के लिए आंवले के चूर्ण को दाल या सब्जी में अमचूर के स्थान पर डाल कर खाएं। भोजन के बाद आंवले के चूर्ण को फांक लें। इससे खून साफ होता है, त्वचा में निखार आता है।

● बालों की सफेदी हटाने के लिए मेहंदी में आंवला, मेथी दाना, चुकंदर का रस मिलाकर लगाने से वे कुदरती तौर पर काले और चमकदार दिखते हैं।



# मावा काजू गोटा



**सामग्री :** 100 ग्राम मावा, 2 आलू (उबले व मैश किए हुए), 1/4 कप हरी धनिया, 3-4 ब्रेड स्लाइस (मिक्सर में क्रश कर लें), 1 टीस्पून अदरक-मिर्ची का पेस्ट, 1 टीस्पून गरम मसाला, 1/4 टीस्पून कालीमिर्च पाउडर, 1 नींबू का रस, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए तेल।

**भरने के लिए :** थोड़े से काजू व डिब्बाबंद पाइनेप्पल।

**विधि :** गोटे की सभी सामग्रियों को मिला लें। इसके छोटे-छोटे गोले बनाकर काजू और पाइनेप्पल को स्टफ करके गोल गोटे बना लें। सुनहरा होने तक तलें।

# करें कपड़ों की देखभाल

**कपड़े** पहनने का शौक हर इंसान को होता है। ऐसे तो सभी कपड़ो की देखभाल जरूरी है पर कीमती कपड़ों को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। बिना सही देखभाल के कपड़ों की चमक खत्म हो जाती है, कुछ बातों का जरा ध्यान देने पर कपड़ों की सही देख-भाल की जा सकती है



■ डिटरजेंट हमेशा अच्छी क्वालिटी का ही लें। सूती, ऊनी, रेशमी कपड़ों के लिए अलग-अलग डिटरजेंट का इस्तेमाल करें।

■ शीशे या मोती जड़े कपड़े मशीन में न धोएं। मशीन के तेज घूमने से ये टूट सकते हैं या निकलकर चक्के में फंस सकते हैं।

■ कई बार ज्यादा साबुन के प्रयोग से कपड़े पीले और रंगहीन हो जाते हैं। डिटरजेंट का इस्तेमाल जरूरत से न कम न ज्यादा करें। कई महिलाएं मानती हैं कि जितना साबुन रगड़ा जाएगा कपड़े उतने ही साफ धुलेंगे। यह धारणा सही नहीं है।

■ कपड़े खरीदते समय मैन्युफेक्चरर कंपनी द्वारा कुछ सावधानियां दी जाती हैं, उनका पालन अवश्य करें।

■ कंपनी द्वारा दी गई सावधानी पर निर्भर रहते हुए, कपड़ों को गर्म या ठंडे पानी में धोएं और छाया में सुखाएं।

■ चमड़े का जैकेट, कंबल आदि कभी न घर में धोएं। महंगे कपड़े जो धोने में खराब हो सकते हैं, इन्हें ड्राइक्लीन करवाएं।

■ रंग छोड़ने वाले कपड़ों ज्यादा देर तक पानी में न भिगोएं। उनका रंग निकल जाता है।

■ बाजार में कलर फिक्सर मिलते हैं। इनमें निर्देशानुसार कपड़ों को भिगोएं, इससे कपड़ों का रंग नहीं निकलेगा।

■ सिल्क की साड़ी यदि घर में धोनी है तो साबुन में दो चम्मच मिट्टी का तेल डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। साड़ी की चमक बनी रहेगी।

■ रेशमी कपड़ों को नहाने के साबुन या रीठे के घोल से धो सकती हैं।

■ रेशमी कपड़ों को गुनगुने पानी से हल्के हाथ से रगड़कर धोएं। इन्हे कभी कस कर नहीं निचोड़े। हल्का सा दबाकर पानी निकालें और उल्टा करके छाया में सुखने दें। ऐसे कपड़ों को कभी भी धूप में ना सुखाएं।

■ रेशमी कपड़ों को धोने के बाद बिना सुखाए न छोड़े वरना कपड़ों में सिकुड़न पड़ सकती है।

# कारपेट व फर्श की सफाई

■ लिनोलियम का फर्श डिटर्जेंट से साफ करें। ब्लीच या सोडा का इस्तेमाल न करें।

■ लिनोलियम पर केरोसिन का पोंछा लगाएं। गंदगी आसानी से साफ हो जाएगी।

■ ग्रेनाइट का फर्श साबुन व पानी से धोएं।

■ संगमरमर के फर्श को किसी भी क्लीनिंग पाउडर व पानी से ब्रश की सहायता से रगड़ कर साफ करें। फिर केरोसिन मिले पानी से पोंछा लगाएं।

■ मैट या कारपेट पर चिपकी चुइंगम को साफ करने के लिए बर्फ के टुकड़े का इस्तेमाल करें।

■ नए वूलेन कारपेट को ब्रश के बजाय झाडू से साफ करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 3976



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3975 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

शादी के सीजन में जगह-जगह शादी में आने-जाने के कारण रमन के पास कपड़ों की कमी-सी हो जाती? है, फिर भी वो कुछ मैनेज करके अपने खास दोस्त की शादी में जाता है, वहाँ पर दोस्त के अंकल उससे पूछते है- बेटे! ये शर्ट तो बहुत अच्छी है!

रमन- जी, मेरी नहीं है।
अंकल- पैंट भी बहुत अच्छी है।
रमन- ये भी मेरी नहीं है।
अंकल- तो फिर किसकी है?
रमन- लाँड्री वाले की..!

□ □ □

रमन सर्कस देखकर आने के बाद अपने दोस्त से मिलने गया तो उससे कहा- यार! सर्कस में एक मोटी औरत एक दुबले जोकर को खूब मारती रहती है और वह सिर्फ हँसता ही रहता है।

परेश बोला- यार तू बता इसमें नया क्या है? यह तो मेरे घर में रोज ही होता है।

□ □ □

एडवोकेट (गवाह से)- अच्छा तो अब सही-सही बता दो फटाफट, नरेश की मौत आखिर हुई कैसे?

गवाह घबरा कर बोला- बड़ा ही भुलक्कड़ था हुजूर! हो सकता है घटना के समय वह साँस लेना भूल गया हो।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3976



**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक ?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक ?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणीधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3975



## सूडोकु -3976

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3975 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 3976



**बाएँ से दाएँ**

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

शब्द पहेली -3975 का हल





### जिमी शेरगिल के साथ स्क्रीन शेयर कर

# खुश हुईं दीया मिर्जा

अभिनेत्री दीया मिर्जा ने हालिया रिलीज वॉर-ड्रामा वेब सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' में पूर्व एयर चीफ मार्शल बीरेंद्र सिंह धनोआ (बीएस धनोआ) की पत्नी कमलप्रीत कौर धनोआ के किरदार में नजर आ रही हैं। सोमवार को अभिनेत्री ने सीरीज का हिस्सा बनकर पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। दीया मिर्जा ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें अभिनेता जिमी शेरगिल के समेत कई लोगों के साथ नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने इस पोस्ट के जरिए बताया कि सीरीज का हिस्सा होना उनके लिए बड़ी बात है, जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार जताया। अभिनेत्री ने तस्वीरें पोस्ट कर लिखा, 'एक कलाकार के तौर पर हम जो किरदार हम किरदार नहीं चुनते, बल्कि किरदार हमें चुनता है, जिससे हम एक बेहतर इंसान बनते हैं। 'ऑपरेशन सफेद सागर' में कमलप्रीत धनोआ का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। कमल मैम आपका शुक्रिया। आप हमेशा मेरे दिल में रहेंगी। टोनी सर, आप कमाल हैं। जिमी शेरगिल सर, आपके साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। टोनी धनोआ (पूर्व एयर चीफ मार्शल बीरेंद्र सिंह धनोआ का घर का नाम) के रोल के लिए आपसे बेहतर कोई नहीं हो सकता। 6 एपिसोड की एक हिंदी वॉर-ड्रामा वेब सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' में जिमी शेरगिल ने अभिनेत्री दीया मिर्जा के पति पूर्व एयर चीफ मार्शल बीरेंद्र सिंह धनोआ (बीएस धनोआ) का किरदार निभाया है। सीरीज में दीया मिर्जा ने कमलप्रीत कौर धनोआ का किरदार निभाने के जरिए उन महिलाओं के अनकहे बलिदानों और ताकत को पर्दे पर उतारा है, जो अपने पतियों को मुस्कुराकर देश की रक्षा के लिए भेजती हैं। सीरीज में युद्ध के मैदान के साथ-साथ राजनीतिक और कूटनीतिक तनावों (जैसे भारत और पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व के बीच की हलचल) का भी यथार्थवादी चित्रण किया गया है। सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के ऐतिहासिक और साहसी हवाई ऑपरेशन पर आधारित है। सीरीज में दीया और जिमी शेरगिल के अलावा, सिद्धार्थ, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, आदिल हुसैन और प्राजक्ता कोली समेत कई कलाकार अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह सीरीज 7 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।









### रेड कार्पेट पर निकिता रावल के साथ फैन की हैरान करने वाली हरकत

# बिना इजाजत किया किस

**अभिनेत्री** निकिता रावल हाल ही में एक रेड कार्पेट कार्यक्रम के दौरान उस समय पूरी तरह चौंक गईं, जब एक महिला प्रशंसक उनके पास आई और अचानक उनके होंठों पर किस कर लिया। इस अप्रत्याशित घटना से निकिता हैरान रह गईं और असहज भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में निकिता रावल एक कार्यक्रम के रेड कार्पेट पर पैपराजी के लिए पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। वह कैमरों की तरफ देखकर तस्वीरें खिंचवा रही थीं कि तभी एक महिला फैन उनके पास पहुंचती है। फैन निकिता से सेल्फी लेने की इच्छा जाहिर करती है। शुरुआत में दोनों के बीच बातचीत सामान्य दिखाई देती है और निकिता भी उस फैन के साथ सहज नजर आती हैं। वीडियो में आगे देखा जा सकता है कि महिला फैन अचानक निकिता के गाल पर किस कर देती है। निकिता इस हरकत से चौंक जाती हैं, लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने स्थिति को और असहज बना दिया। गाल पर किस करने के बाद महिला फैन ने निकिता को अपनी तरफ खींच लिया और उनके होंठों पर भी किस कर दिया। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि निकिता को संभलने का मौका तक नहीं मिला। अचानक हुई इस हरकत से निकिता हैरान रह गईं। वीडियो में वह महिला को रोकने की कोशिश करती हुई भी नजर आती हैं। वह इस स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश करती हैं, लेकिन महिला फैन ने उन्हें पकड़े रखा। इस वजह से निकिता काफी असहज दिखाई देती हैं। महिला फैन यहीं नहीं रुकी। वहां से जाने से पहले उसने निकिता के गाल पर एक बार फिर किस किया और फिर वहां से चली गई। यह पूरा घटनाक्रम कैमरों में रिकॉर्ड हो गया। वीडियो सामने आने के बाद यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है।

## 'किल' डायरेक्टर निखिल नागेश भट्ट का हॉलीवुड डेब्यू, जेमी फॉक्स के साथ बनाएंगे एक्शन थ्रिलर

डायरेक्टर निखिल नागेश भट्ट 'डेडलॉक्ड' नाम की एक एक्शन थ्रिलर फिल्म डायरेक्ट करेंगे, जिसमें ऑस्कर विजेता एक्टर जेमी फॉक्स लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियोज दुनिया भर में रिलीज करेगा।

### क्या होगी फिल्म की कहानी?

डेडलाइन की रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'डेडलॉक्ड' को प्राइम वीडियो पर ग्लोबली स्ट्रीम किया जाएगा। यह निखिल भट्ट की पहली इंग्लिश लैंग्वेज फिल्म होगी और 'किल' की सफलता के बाद उनके करियर में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। फिल्म की कहानी एक ऐसे पूर्व मरीन पर आधारित है, जो एक बड़े केस में ज्यूरी ड्यूटी कर रहा होता है। इसी दौरान कोर्ट में अचानक खतरनाक हालात बन जाते हैं और मामला बंधक बनाने तक पहुंच जाता है। दरअसल, आरोपी की बेटी अपने पिता को बचाने के लिए कोर्ट पर कब्जा कर लेती है, जिसके बाद कहानी में जबरदस्त ट्विस्ट आता है। इस फिल्म को एरिक स्कॉट एंडरसन और मैट ताकेजिरो बोसैक ने लिखा है। प्रोडक्शन की जिम्मेदारी ब्रायन कवानॉ-जोंस, फ्रेड बर्जर, डेव कैपलान और खुद जेमी फॉक्स की टीम संभाल रही है। जेमी फॉक्स हाल ही में नेटफ्लिक्स की फिल्म 'बैक इन एक्शन' में नजर आए थे, जिसमें उनके साथ कैमरून डियाज थीं। वह जल्द ही 'फाइट फॉर '84' नाम की एक और फिल्म में दिखाई देंगे।

### निखिल नागेश भट्ट के बारे में

निखिल नागेश भट्ट को इंटरनेशनल पहचान उनकी फिल्म 'किल' से मिली, जिसका प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इस फिल्म को लायंसगेट ने खरीदा और 2024 में इसे बड़े स्तर पर रिलीज किया गया। लक्षय और राघव जुयाल स्टारर 'किल' को भारत की सबसे हिंसक फिल्मों में से एक माना गया। 'किल' के अलावा निखिल 'अपुर्वा', 'हुरदंग' जैसी फिल्में और 'रस भरी', 'द गॉन गेम' जैसी वेब सीरीज भी डायरेक्ट कर चुके हैं।

# 'शांत हो जाओ'

### गुरु रंधावा का तीखा पोस्ट! नए गाने 'फाइन शिट' पर हो रही ट्रोलिंग्स का दिया जवाब

सिंगर गुरु रंधावा अपने नए गाने 'फाइन शिट' को लेकर फिलहाल जमकर ट्रोल हो रहे हैं। इस गाने के लिरिक्स और प्रेजेंटेशन फैंस को पसंद नहीं आ रहे हैं। अब गुरु ने इन सबका जवाब दिया है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में खास नोट भी लिखा है। सिंगर गुरु रंधावा अपने नए गाने 'फाइन शिट' को लेकर फिलहाल जमकर ट्रोल हो रहे हैं। इस गाने के लिरिक्स और प्रेजेंटेशन फैंस को पसंद नहीं आ रहे हैं।



अब गुरु ने इन सबका जवाब दिया है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में खास नोट भी लिखा है।

### ट्रोलिंग्स पर क्या बोले गुरु?

ट्रोलिंग्स के बीच सिंगर ने रिएक्शन दिया है। उन्होंने इसे 'एक छोटी सी स्लैंग' बताया और साफ कहा कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया यूजर्स से शांत रहने की अपील की। अपने इंस्टाग्राम पर गुरु ने लिखा, 'मैं मानता हूं कि मैं ऐसे गाने बनाता हूं जो आपके दिमाग में बार-बार चलते रहते हैं। जो एडिट्स बन रहे हैं, वो मुझे अच्छे लग रहे हैं। कोई नेगेटिव फीलिंग नहीं है। ये बस एक छोटी सी स्लैंग है... शांत हो जाओ, शांत हो जाओ, शांत हो जाओ दोस्तों।'

## बतौर लीड एक्टर दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं इमरान



**अभिनेता इमरान खान ने काफी वक्त से स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। मगर अब वह बतौर लीड एक्टर दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक बातचीत के दैरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' से जुड़ी जानकारी साझा की।**

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इमरान खान ने अपनी अगली फिल्म के बारे में काफी कुछ बताया। हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत में इमरान ने कहा, 'मेरी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन में है और इस साल के अंत तक इसके रिलीज होने की उम्मीद है। यह एक एडल्ट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो मेरे जीवन के मौजूदा हालात दर्शाती है।' इमरान खान आखिरी बार साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'कट्टी बट्टी' में बतौर लीड हीरो नजर आए थे। अब वे सीधे फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' में लीड रोल प्ले करेंगे। फिल्म के बारे में आगे एक्टर ने कहा, 'मैंने अभी-अभी एक बेहद प्रतिभाशाली युवा अभिनेत्री, गुरफतेह पीरजादा के साथ काम किया है। दरअसल, यह वो फिल्म है जिसे मुझे 10 साल बाद बनाना ही था।' बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है।

### इमरान खान का वर्कफ्रंट

इमरान खान ने 2008 में रिलीज हुई 'जाने तू या जानें ना' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा भी नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स आफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी। इसके बाद इमरान ने 'लक', 'आई हेट लव स्टोरीज', 'देल्ही बेली' और 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' जैसी कई हिट फिल्में दी थीं। इस साल जनवरी में इमरान ने अपने मामा आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म 'हैप्पी पटेल खतरनाक जासूस' में कैमियो किया था।

### ललकारा से हटे फरहान?



बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर ने अपनी अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'ललकारा' की कास्टिंग में बड़ा बदलाव किया है। फरहान अख्तर के इस प्रोजेक्ट से हटने के बाद अब एक्टर सिद्धांत गुप्ता इसमें शामिल हो गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान अख्तर ने फिल्म से इसलिए किनारा कर लिया क्योंकि इसकी शूटिंग का शेड्यूल संगीतकार आर.डी. बर्मन पर बन रही बायोपिक की शूटिंग से टकरा रहा था। अब 'ललकारा' में फरहान अख्तर की जगह सिद्धांत गुप्ता अदाकारी करेंगे। सिद्धांत को सीरीज 'जुबली' और 'फ्रीडम एट मिडनाइट' में एक्टिंग के लिए काफी तारीफ मिली है। उम्मीद है कि हाल के वर्षों की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म में एक्टर, आमिर खान के साथ एक अहम किरदार निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धांत फिल्म में मुख्य किरदारों में से एक (पैरेलल लीड) निभाएंगे। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर हालिया सफलता के बाद उनके करियर में यह एक और बड़ा पड़ाव होगा। खबर है कि एक्टर ने रोल के लिए तैयारी शुरू कर दी है, हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

# तकनीक कभी भी कला की जगह नहीं ले सकती : अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश



**अभिनेत्री** तेजस्वी प्रकाश इन दिनों वेब गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड' के 5वें सीजन में जज और मेंटोर के रूप में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि एआई किसी भी इंसानी चीजों की जगह नहीं ले सकता है। गेमिंग शो के प्रमोशन के दौरान मुंबई में अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत की। इस दौरान अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या तकनीक कला को खत्म कर रही है। इस सवाल का जवाब अभिनेत्री ने बड़ी सहजता से दिया। उन्होंने कहा, 'तकनीक कभी भी असली आर्ट को रिप्लेस नहीं कर सकती है और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कितने भी ऐसे शो हों, जिनमें एआई का इस्तेमाल किया गया हो। हमने अपने शो में एक एआई कॉन्सेप्ट भी शामिल किया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम इस शो में एआई को मेंटर बना देंगे, मुझे नहीं लगता कि ऐसा कभी हो सकता है। 'हालांकि, अभिनेत्री ने भी माना कि कुछ हद तक, विजुअल एंटरटेनमेंट में, एआई बेहतर बनाने के लिए एक कारगर टूल हो सकता है। बता दें कि अभिनेत्री इन दिनों अरुष भोला, एल्विश यादव के साथ गेमिंग रियलिटी शो में मेंटोर के रूप में नजर आ रही हैं। ये तीनों इस सीजन में अलग-अलग टीमों का नेतृत्व करते नजर आएंगे। इसके अलावा, इस शो के मुख्य फाउंडर्स और निर्माताओं (जैसे कैरी मिनाटी, मोर्टल और ट्रिगर इनसान) भी अलग-अलग रूपों में इस सीरीज से जुड़े हुए हैं। शो की बात करें, तो यह भारत का पहला गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स रियलिटी शो है, जो एंटरटेनमेंट, कंपटीशन और इन्फ्लुएंसर कल्चर को एक साथ मिलाकर बना शो है। यह शो वर्चुअल प्लेग्राउंड के कॉन्सेप्ट पर बना हुआ है।



## पर्सनल लाइफ पर अफवाह फैलाने वालों पर अमृता हुई सख्त

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस अमृता खानविलकर और उनके पति व एक्टर हिमांशु मल्होत्रा की शादीशुदा जिंदगी को लेकर कई खबरें सामने आ रही थीं, जिसमें दावा किया जा रहा था कि दोनों काफी समय से अलग रह रहे हैं। अब अमृता ने इन खबरों पर सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। अमृता की ओर से उनकी लीगल टीम ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी किया है। इसमें कहा गया, ''कुछ ऑनलाइन, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर एक्ट्रेस की निजी जिंदगी को लेकर ऐसी खबरें और बातें शेयर की जा रही हैं, जो बेबुनियाद, मानहानि वाली और उनकी निजता का उल्लंघन करने वाली हैं। हर व्यक्ति को अपनी बात रखने की आजादी है, लेकिन इस आजादी का गलत इस्तेमाल करके अमृता के बारे में अफवाह, बिना पुष्टि की गई जानकारी, गलत आरोप या भ्रामक बातें फैलाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।'' अमृता और हिमांशु की पहली मुलाकात साल 2004 में टीवी शो 'इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज' के सेट पर हुई थी। मुलाकात के बाद दोनों की दोस्ती हुई और धीरे-धीरे उनका रिश्ता प्यार में बदल गया। कई साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने जनवरी 2015 में शादी कर ली थी। शादी के कुछ समय बाद अमृता और हिमांशु एक साथ डांस रियलिटी शो 'नच बलिए 7' में भी नजर आए थे। शो में दोनों ने बतौर कपल हिस्सा लिया था। उस समय उनकी जोड़ी को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। अब शादी के कई साल बाद दोनों की निजी जिंदगी को लेकर तरह-तरह की खबरें सामने आने के बाद अमृता ने कानूनी बयान जारी किया है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।